हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 29 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री


10 एसआईआर को लेकर मंत्री गजेंद्र पहुंचे मतदाताओं के बीच





12 9 साल बाद भी वेतन समझौता अधूरा, यूनियनें हुईं लामबंद











## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सट्टा खिलाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 7 नग सट्टा पट्टी और 33800 रुपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार 27 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग जगहों पर अवैध रूप से सट्टा चल रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कचहरी के सामने दबे पेट्रोल पंप के पीछे, पोलसायपारा तालाब के पास दुर्ग एवं नल घर शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग के पास मोहम्मद अजहर उम्र 22 वर्ष, लुचकीपारा, मिर्जा अहमद बेग उम्र 41, इंदिरा कॉलोनी पोटिया रोड निवासी कमल नागेश उम्र 22 वर्ष और हटरी बाजार जामा मस्जिद के पास निवासी मोहम्मद नासिर उम्र 53 को सट्टा खिलाते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### अगले तीन दिनों तक रहेगा ऐसा ही मौसम, प्रशासन ने जारी किया एलर्ट

# चक्रवाती तूफान दितवाह का असर, पारा 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे, सर्द हवाओं की चपेट में ट्विनसिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चक्रवाती तूफान दितवाह का असर ट्विनसिटी में पड़ने लगा है। चक्रवाती हवाओं की वजह से एक दिन में ही न्यूनतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। गुरुवार 27 नवंबर को न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था लेकिन शुक्रवार 28 नवंबर को यह गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। जिसकी वजह से भिलाई-दुर्ग में सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई है। पूरे दिन हवाएं नम रही। शाम होते ही और भी ज्यादा ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। इधर ठंड अचानक बढ़ने की वजह से प्रशासन ने एलर्ट जारी किया है।



### मौसम का ऐसा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान दितवाह श्रीलंका के तटीय इलाके और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर है। इसके आगे बढ़ते रहने और 30 नवंबर की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और उससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की बहुत संभावना है।


### मौसम का ऐसा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवाती तूफान दितवाह श्रीलंका के तटीय इलाके और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर है। इसके आगे बढ़ते रहने और 30 नवंबर की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और उससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों के पास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने की बहुत संभावना है।


### प्रशासन ने जारी किया एलर्ट

जिले में बढ़ती ठंड और शीत लहर के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एलर्ट जारी किया है। सुरक्षा के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शीत लहर (कोल्ड वेव्स) के कारण हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं। इसलिए, सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन निर्देशों का गंभीरता से पालन कर स्वयं को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

### ठंड की लहर के दौरान क्या करें?

सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने कहा है कि ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए नागरिक गर्म कपड़े पहनें। बच्चों और बुजुर्गों को हर समय गर्म रखें, क्योंकि वे ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। अपने शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए, गरम पेय पदार्थों का सेवन करें और पौष्टिक भोजन करें। बाहर काम कर रहे हैं, तो शरीर को सामान्य तापमान पर रखने के लिए बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। इन उपायों से ठंड के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

### शीत लहर के दौरान क्या न करें?

ठंड की लहर के दौरान कुछ गतिविधियों से सख्ती से बचना चाहिए। बिना किसी आवश्यक कार्य के ठंड में बाहर न जाएं। शरीर को ठंड से बचाने के लिए पतले या गीले कपड़े बिलकुल न पहनें। ठंड से राहत पाने के लिए आग के बहुत पास न बैठें, क्योंकि यह त्वचा को नुकसान पहुँचा सकता है। शराब का सेवन न करें, क्योंकि यह शरीर की गर्मी कम करने की प्रक्रिया को भ्रमित कर सकता है। यदि किसी हिस्से में फ्रॉस्टबाइट हो जाए, तो उस हिस्से को न रगड़ें, बल्कि तुरंत डॉक्टरी सलाह लें।

## एक बोरे में 300 ग्राम अधिक तौल, रकबा समर्पण नहीं, दो समिति प्रबंधकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

उपार्जन केंद्रों में धान की ज्यादा मात्रा खरीदी की शिकायत आखिरकार सही निकली। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में धान बोरे में अधिक तौल कराने की शिकायत पर कलेक्टर ने मौके पर धान बोरे की रेण्डम तौल करायी। जिसमें बोरा में 300 ग्राम धान की अधिक मात्रा पाई गई। कुर्मीगुण्डरा उपार्जन केन्द्र में धान बिक्री कर चुके ग्राम गब्दी के किसान चितरंजन लाल से मोबाईल पर चर्चा कर धान की उपज एवं रकबा समर्पण आदि के संबंध में जानकारी ली। किसान चितरंजन ने कलेक्टर को अवगत कराया कि उन्होंने उत्पादित धान फसल 55.20 क्विंटल धान की बिक्री कर चुके हैं। अब उनके पास बिक्री हेतु धान शेष उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने रकबा समर्पण नहीं होने की जानकारी दी। इस दोनों मामले में कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।



### इन उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम कुर्मीगुण्डरा, जामगांव (एम), घुघवा और पंदर में धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंदर में एसआईआर कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

### तीन केंद्रों में पिछले साल से ज्यादा खरीदी

धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुंडरा, जामगांव (एम) और घुघुवा में पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अधिक खरीदी, वहीं पंदर में कम खरीदी हुई है। शुक्रवार तक धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुण्डरा में 8295 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें धान मोटा 2378 क्विंटल, धान पतला 2003 क्विंटल एवं धान सरना 3914 क्विंटल शामिल है। जबकि गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 7006 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में 5940 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 5346 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसी प्रकार घुघवा उपार्जन केन्द्र में 4750 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। गतवर्ष इस उपार्जन केन्द्र 4460 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। पंदर उपार्जन केन्द्र में में 5492 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। पिछले साल यहां 6299 क्विंटल धान खरीदी हुई थी।







# नई पंजीयन गाइडलाइन को लेकर बढ़ा विरोध, विभागीय मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जमीनों के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी, पंजीयन सहित अन्य शुल्क बढ़ाए जाने को लेकर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह शासन की हठधर्मिता है, जिसकी वजह से जनता को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 500 से 1000 प्रतिशत तक की वृद्धि समझ से परे है। जमीन का कारोबार पूरी तरह से ठप पड़ गया है। इधर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों में राहुल शर्मा, आकाश वर्मा, अशोक जैन, लाभचंद पारख, जयंत कुमार, अमित यादव, कमलेश पांड़े सहित अन्य ने रैली निकाली। इसके बाद शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पटेल चौक में पुतला फूंका। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही निर्णय को वापस नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश में उग्र प्रदर्शन होंगे। प्रदर्शन के दौरान मनोज राजपूत भिखारीनुमा ड्रेस पहनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीख मांगा। फटे पुराने कपड़े में वे नजर आए। बता दें कि हर दिन उनके द्वारा अलग-अलग तरीके से शासन की इस नीति का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## जेआरडी स्कूल के सामने पिछले पांच दिनों से दे रहे धरना, शुक्रवार को रैली निकाल किया प्रदर्शन

### नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच हुई झूमाझटकी

शाम के समय विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी के बीच अचानक प्रदर्शनकारी पुतला लेकर पहुंच गए। उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी, इसके बाद अचानक पुतले में आग लगा दी। इस बीच पुलिस कर्मियों ने पुतला छीनने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी पुतला जलाने में सफल रहे। बाद में पुलिस ने पानी लाकर पुतले में डाला। आयोजकों ने बताया कि कल सदबुद्धि यज्ञ किया जाएगा, जिसमें जिलेभर के किसान, जमीन कारोबारी शामिल होंगे। अब तक प्रदर्शन के कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अन्य ने समर्थन दिया है।






### कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन को दिया समर्थन

दुर्ग में जारी इस विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। राकेश ठाकुर ने कहा कि सरकार के इस तानाशाही निर्णय के विरोध प्रदर्शन को कांग्रेस का समर्थन है। वर्तमान भाजपा सरकार किसी का भला नहीं चाहती। पंजीयन शुल्क के बढ़ने से किसको फायदा है। जमीन की रजिस्ट्री ऑफिस में सन्नाटा पसरा है। पहले किसान और आम नागरिक को अपनी जमीन बेचने में आसानी थी। मध्यम वर्गीय परिवार भी जमीन ले सकता था। अभी वर्तमान 50 लाख की जमीन दर 90 लाख कर दी गई है। इस तानाशाही निर्णय को वापस लेना ही होगा। इस दौरान कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### संविधान दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन


दुर्ग। शा पूर्व माध्य शाला चीचा विखं धमधा में संविधान दिवस पर चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताका आयोजन किया गया। चित्रकला में नीता जोशी, आंकाक्षा वर्मा, चंचल साहू, खिलेश्वर पटेल, शुभम वर्मा, जिया के चित्रकला सहरानीय रही। कार्यक्रम में छ मौलिक अधिकार को चित्रों के माध्यम से बताने का प्रयास किया। वहीं सामान्य ज्ञान परीक्षा में आठवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम दिव्यांका वर्मा, द्वितीय किशन व तृतीय परमेश्वर रहे। प्रश्न निर्माण में श्री बघेल का सहयोग, श्री देशमुख ने दिया कक्षा सातवीं और छठवीं के बच्चों को प्रोजेक्ट के माध्यम से संविधान निर्माण की गाथा को दिखाया गया। संविधान के उद्देशिका का शपथ ग्रहण स्वास्थ्य विभाग की डॉ. हिसीकर द्वारा कराया गया जिसमें समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

### मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष चौक, डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग निवासी शारदा बंजारे की विगत 7 नवंबर 2024 को जोरातरई नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप सहायता स्वीकृत की गई है।

## वार्ड परिक्रमा : नालियों पर कब्जा, अधूरे काम और बदबू से त्रस्त लोग

# कैलाश नगर वार्ड चढ़ा बेजा कब्जे की भेंट, नाली जाम होने से फैल रही गंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कैलाश नगर वार्ड 21 निगम प्रशासन की अनदेखी के चलते बेजा कब्जे की भेंट चढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि लोगों ने नालियों तक में कब्जा कर लिया है।इससे नालियां जाम हो रही हैं और उससे चारों तरफ दुर्गंध फैल रही है। यहां सफाई व्यवस्था भी लंबे समय से चरमराई हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले विकास की रफ्तार ठीक थी, लेकिन अब वार्ड पूरी तरह उपेक्षित हो गया है। हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण के दौरान नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 21 कैलाश नगर पहुंची। यहां सबसे बड़ी तकलीफ नालियों की देखने को मिली। कई इलाकों में लोगों ने नालियों पर पक्के कब्जे कर लिए हैं। वहीं कई जगहों पर सफाई की कमी से नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। बदबू के कारण लोग दरवाजे बंद करके रहने को मजबूर हैं।

## कैलाश नगर वार्ड 21 की दुर्दशा



कैलाश धाम शिव मंदिर के पास अधूरी बनी नाली।



### अधूरी नाली से परेशानी



कैलाश नगर वार्ड 21 में हालात कितने बिगड़े हुए हैं, इसका साफ उदाहरण कैलाश धाम शिव मंदिर के पास देखने को मिला। मोहल्लेवासी अर्जुन यादव ने बताया कि उनका परिवार यहां करीब 50 साल से रहता है। यहां नालियों की सफाई समय पर नहीं हो रही है। अर्जुन यादव ने बताया कि उनके मोहल्ले में नाली का काम शुरू हुआ था, लेकिन कुछ दूरी बाद अचानक खत्म कर दिया गया। नाली अधूरी बनने के कारण मोहल्ले के कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### शौचालय की कमी से व्यापारी परेशान



कैलाश नगर वार्ड 21 मार्केट के व्यापारी एचके भट्ट ने बताया कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जरूरत पड़ने पर व्यापारियों को इधर उधर भटकना पड़ता है। कई बार शिकायत के बाद अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हुई। सड़क का हाल भी बेहतर नहीं है। सड़क जरूर बनाई गई, पर गुणवत्ता कमजोर थी। कुछ ही महीनों में डामर उखड़ने लगा और जगह-जगह गड्ढे बन गए। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास तो हाल और खराब है। वहां नाली ही नहीं है। घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है। कीचड़ जमा होने से दलदल जैसी स्थिति बन गई है।

### पार्षद नहीं दे रही लोगों की समस्याओं पर ध्यान

कैलाश नगर में कई जगह पर अधूरी नाली का निर्माण किया गया है। इस कारण नाली का गंदा पानी पानी सड़क पर बह रहा है। लोगों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कांग्रेस सरकार के समय काम की रफ्तार ठीक थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद वार्ड की उपेक्षा बढ़ी है। दिलचस्प यह है कि वार्ड की पार्षद कांग्रेस से हैं, पर लोगों का आरोप है कि उन्होंने भी अब विकास पर ध्यान देना बंद कर दिया है।

### ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरुरत - पार्षद नेहा साहू

वार्ड 21 कैलाश नगर की पार्षद नेहा साहू ने बताया कि कैलाश नगर जैसे पुराने इलाकों को सबसे ज्यादा फंडिंग और ठोस प्लानिंग की जरूरत है, लेकिन शासन बदलने के बाद हालात उलट गए। फंडिंग रोक दी गई और इसका सीधा असर बुनियादी सुविधाओं पर पड़ा। उनके मुताबिक 2022-23 में सड़क और सीवरेज के लिए 80 लाख का टेंडर निकल चुका था, लेकिन सरकार बदलते ही वह भी रोक दिया गया। नतीजा यह कि लोगों को आज भी टूटी सड़कें, कमजोर नालियां और अव्यवस्थित ड्रेनेज जैसी मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। अवैध कब्जों की शिकायतें भी प्रशासन तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। बड़े नाले के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, पर उस पर भी मंजूरी नहीं मिली। नेहा साहू का आरोप है कि कुरूद में अवैध प्लॉटिंग वाली जगह पर एक व्यक्ति विशेष के लिए सड़क बना दी गई, जबकि यही सड़क कैलाश नगर के लिए प्रस्तावित थी। उन्होंने बताया कि विकास कार्य तभी आगे बढ़ सकते हैं जब प्रशासन फंडिंग जारी करे।

# एसआईआर को लेकर मंत्री गजेंद्र पहुंचे मतदाताओं के बीच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति का जायज़ा लेने शुक्रवार को मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डों में व्यापक भ्रमण किया। वार्ड 44 गुरुघासीदास नगर में उन्होंने बीएलओ एवं एसआईआर कार्य में संलग्न कर्मचारियों से गणना फॉर्म की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और शेष कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री यादव ने वार्ड के नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे बीएलओ का सहयोग कर गणना फॉर्म शीघ्र भरें, ताकि निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा हो सके।

निरीक्षण के दौरान मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डों में एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति, लंबित कार्य और समस्याओ के निदान करने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिन मतदाताओं के मतदान केंद्र बदले गए हैं, उनके फॉर्म में शिफ्टिंग स्पष्ट रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि प्रत्येक मतदाता का गणना फॉर्म अनिवार्य रूप से भरा जाए।

गजेन्द्र यादव ने नागरिकों को एसआईआर की महत्वूर्ण भूमिका समझाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया न केवल निर्वाचन व्यवस्था को मजबूत बनाती है बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से ज़मीन पर लागू करने में भी सहायक है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाए। व्यक्तिगत जिम्मेदारी से वे अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास गणना पत्र भरकर जमा करे। मतदाता जिस मतदान केंद्र के क्षेत्र की छोड़कर अन्यत्र शिफ्ट हो चुके है। छोड़ चुके मतदान केंद्र से अपना नाम हटवाए और जिस केंद्र में स्थाई रूप से निवास कर रहे है उस मतदान केंद्र में वे अपना नाम जुड़वाएं। इस अवसर पर पार्षद सरिता चंद्राकर, मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, गुलशन साहू, प्रकाश गीते, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, आसिफ अली, विनोद चंद्राकर, अनिकेत यादव, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहे।

# नए श्रम कानून का श्रमिकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




केंद्र सरकार के चार नए श्रम क़ानूनों के विरोध छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (मज़दूर कार्यकर्ता समिति) ने किया है। इसे लेकर श्रमिकों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री एवं अन्य को संबोधित ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बैनर तले मज़दूरों और आम नागरिकों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम क़ानूनों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण रैली के बाद प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री तथा भारत के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दुर्ग के श्रम आयुक्त के माध्यम से सौंपा गया। कार्यक्रम में श्रम आयुक्त कार्यालय के बाहर सैकड़ों श्रमिक, महिला मज़दूर, ठेका मज़दूर, संगठित व असंगठित क्षेत्र के कर्मी, छात्र-युवा एवं विभिन्न जनसंगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्र सरकार के श्रमिक-विरोधी एवं कॉर्पोरेट-पक्षधर निर्णयों के खिलाफ नारे लगाए गए। चारों श्रम क़ानूनों को वापस लेने तथा छत्तीसगढ़ में इन्हें लागू न करने की माँग प्रमुख रूप से उठाई गई। पदाधिकारियों ने कहा कि चारों श्रम संहिताएं (क़ानून) मिलकर पिछले दशकों में मज़दूर वर्ग द्वारा संघर्षों के माध्यम से हासिल बुनियादी अधिकारों जैसे स्थायी रोज़गार, उचित मज़दूरी, ओवरटाइम का भुगतान, सुरक्षा मानक, ट्रेड यूनियन मान्यता और सामूहिक सौदेबाज़ी को कमज़ोर करती हैं। इनके लागू हो जाने से ठेका मज़दूरी, असुरक्षित काम, लंबी कार्य अवधि और मनमाने ढंग से छँटनी व लॉकआउट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के श्रमिकों की स्थिति और बदतर होगी। इस अवसर पर भुवन साहू, मोहम्मद अली, संतोष यादव, कल्याण पटेल, लक्ष्मण, नकुल, निरा दसमत, संजना, इंसरात्तमा, के बाल्लमा, वाई सुशीला, लाखन, ब्रम्हा, चंचला दीप, निलेंद्री, व्यास दीप, कलादास डहरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- एसपी टू के कर्मियों की प्रस्तुति

भिलाई इस्पात संयंत्र में आकस्मिक सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सिंटर प्लांट्स–2 में सड़क सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक "सड़क पर ध्यान" का आयोजन विभाग के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह तथा विभागाध्यक्ष जगेंद्र कुमार उपस्थित थे।

राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पूरे संयंत्र में आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि हर कर्मचारी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में अपनाएं। नुक्कड़ नाटक सिंटर प्लांट्स–2 विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिनमें अधिकांश संविदा कर्मी थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुति की सराहना की ।

# गांजा तस्कर गिरोह का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



- गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

कुम्हारी थाना पुलिस ने गांजा तस्करी मामले के फरार मुख्य आरोपी शाहिद अहमद को नागपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 3 क्विंटल 88 केजी गांजा जिसकी लगभग 60 लाख रुपए और कंटेनर वाहन कीमती 25 लाख रुपए, कंटेनर में भरा अन्य सामान कीमती 51 लाख रुपए कुल 1 करोड़ 53 लाख रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके हैं। आरोपी शाहिद अहमद के खिलाफ धारा 20 (बी)आईआईसी, 25, 27 (ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार विगत 7 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजा से भरा कंटेनर वाहन क्रमांक एलएन 01 एएच 9524 नेशनल हाईवे से रायपुर से दुर्ग की ओर आ रही है। टोल प्लाजा कुम्हारी में नाकेबंदी कर वाहन को रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम उमेश यादव उम्र 46 साल, निवासी जय नगर जिला मधुबनी बिहार का निवासी बताया। उसने बताया कि कंटेनर में आमतल्ला कोलकाता पश्चिम बंगाल से सामान लेकर गुजरात के लिए निकला था। इस दौरान रास्ते में ग्राम बारकोड़, देवघर उड़िशा में परिचित का राहुल मिला। राहुल ने 13 बोरी गांजा नागपुर में शाहिद के पास छोड़ने बोला था। प्रत्येक बोरी का 5000 रुपए में सौदा हुआ था। कंटेनर लॉक होने से उसके नट निकालकर गेट खोला और उसमें गांजा भरकर नागपुर लेकर जाना स्वीकार किया। उसने बताया कि इसके पूर्व भी एक खेप गांजा शाहीद के पास नागपुर छोड़ा है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी उमेश यादव, मुस्ताक अहमद, फैयाज अंसारी से माल बरामद कर जेल भेजा था। मुख्य आरोपी 36 वर्षीय शाहिद अहमद का फरार था। आरोपी शाहिद अहमद की यशोधारा नगर संगम चौक नागपुर में उपस्थिति का पता चलने पर कुम्हारी पुलिस वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया।

## पांच हजार से ज्यादा ग्रामीणों को मिला रोजगार

# पानी सहेजने के लिए 10 हजार गड्ढे किए तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- भू-जलस्तर को बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत दुर्ग जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। जल संचय एवं भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने हेतु मनरेगा के माध्यम से बड़े पैमाने पर जल संरचनाओं का निर्माण स्वीकृत किया गया है। मोर गांवद मोर पानी अभियान ने दुर्ग जिले में जल संरक्षण की दिशा में नई ऊर्जा और प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच जैसी संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी जल प्रबंधन को मजबूत बना रही हैं और जल सुरक्षा के लक्ष्यों को साकार कर रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।



### बारिश के जल को संरक्षण के लिए बनी कार्ययोजना

अभियान के प्रमुख उद्देश्य वर्षा जल संरक्षण को ग्रामीण स्तर पर सामूहिक जिम्मेदारी बनाना पारंपरिक जल स्त्रोतों कुएं, तालाब, जीर्णोद्धार विभिन्न तकनीकों से भूजल रिचार्ज बढ़ाना जल संकट की संभावनाओं को कम कर भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले में विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत वाटर एब्जॉर्प्शन ट्रेंच का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इससे वर्षा जल संचयन, मिट्टी संरक्षण और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### रिचार्ज प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा

अधिकारियों ने बताया कि अलग-अलग जगहों पर रिचार्जिंग प्वाइंट बनाकर बारिश के पानी को सहेजा। दुर्ग के ग्राम दमोदा में 6.47 से 1678 कार्य दिवस में 1500 गड्ढे तैया किए गए। बोरई में 9.86 लाख से 3014 कार्य दिवस पर 2500 गड्ढे बनाए। अंजोरा ढाबा में 4.67 लाख से 912 कार्य दिवस में 1000 गड्ढे, धमधा के दारगांव में 7.62 लाख से 935 कार्य दिवस में 4502 गड्ढे बनाए गए हैं। रौंदा में 7.16 लाख से 456 कार्य दिवस पर 210 गड्ढे तैयार किए गए।



## खबर संक्षेप



### पतोरा शिविर में पहुंचे हितग्राही, लिया लाभ

**सेलूद।** ग्राम पतोरा में सहकारी एवं उद्योग स्थाई समिति जनपद पंचायत पाटन द्वारा गुरुवार 27 नवंबर को एक दिवसीय बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराना तथा विभागीय समस्याओं का त्वरित समाधान करना था।

शिविर में आधार कार्ड सुधार एवं अपडेट, खादी ग्रामोद्योग योजनाओं, उद्योग विभाग से ऋण एवं प्रशिक्षण सुविधाओं, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, जिला अंत्यव्यवसाय विभाग की स्व-रोजगार योजनाओं, तथा श्रम विभाग से संबंधित पंजीयन एवं श्रमिक कार्ड की प्रक्रिया के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए।

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक शिविर में भाग लेकर विभागीय अधिकारियों से अपनी समस्याओं का समाधान कराया। कई हितग्राहियों ने मौके पर ही आवेदन जमा कर योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज पूरे करवाए। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं, सब्सिडी, ऋण प्रावधानों और स्व-रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी। इससे युवाओं, महिलाओं और श्रमिक वर्ग में नई संभावनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी। मौके पर सरपंच भुनेश्वर साहू ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनहितकारी योजनाओं का लाभ तेजी से पहुँचता है।इस अवसर पर सरपंच भुनेश्वर साहू ,जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी, उपसरपंच देवचरण कौशल, दिलेश्वरी साहू, सरस्वती साहू, कमलेश्वरी साहू, दीपक साहू, जितेंद्र देवांगन,महेंद्र साहू, नीलेश्वर साहू, चोवा राम साहू, प्रेमलता साहू, राधे साहू, मनोज साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा पाऊवारा में 3 दिसंबर से

**उतई।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. कमला देवी साहू व सहित परिवार के पूर्वजों के स्मृति में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 03 दिसम्बर से ग्राम पाऊवारा (उतई ) में रखा गया है। इसमें कथावाचक लिमतरा आश्रम के संत निरंजन महाराज होंगे भागवत कथा का विशाल आयोजन साहू परिवार की ओर से किया जा रहा है।जिसकी तैयारी चल रही है। कथा, 03 दिसंबर से 11दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।

## शोक संदेश

### छोटू सुदेश महतो

**भिलाई।** कोहका भाटापारा निवासी छोटू सुदेश महतो 36 वर्ष का आकस्मिक निधन 28 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 29 नवंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रामचंद्र महतो के पुत्र, उदेश महतो के भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।



# धमधा ब्लॉक में टावर विवाद गहराया, खड़ी फसल रौंदने पर किसानों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमधा

धमधा ब्लॉक के गोबरा पेंड्री गांव में टावर निर्माण को लेकर बड़ा विवाद छिड़ गया है। सीएसपीटीसीएल के अंतर्गत काम कर रही यूनिक स्ट्रक्चर एंड टॉवर लिमिटेड पर किसानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि एजेंसी के कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना और मुआवज़ा दिए खेतों में घुसकर फसल रौंदते हुए जबरन टावर लगाने का काम कर रहे हैं। इस पूरे मामले ने ब्लॉक भर के किसानों में आक्रोश फैला दिया है, क्योंकि इस प्रोजेक्ट से धमधा ब्लॉक के 150 से अधिक किसान प्रभावित हो रहे हैं, जिनको अब तक न तो टावर गाड़ने का भुगतान मिला है और न ही फसल क्षति का मुवावजा मिला है।

40–50 कट्टा धान नष्ट, सब्ज़ी की मौसमी फसल पर भी चलाया बुलडोज़र। गोबरा पेंड्री के किसानों ने बताया कि टावर की नींव डालने के दौरान पहले ही उनकी लगभग 40 से 50 कट्टा धान की पैदावार बर्बाद की जा चुकी है।

किसानों का आरोप है कि मुआवज़ा देने की बात तो कही गई थी, लेकिन न मुआवज़ा तय हुआ और न ही कोई लिखित सूचना मिली। इसके बावजूद एजेंसी के कर्मचारी खेतों में जबरदस्ती घुसकर काम करते रहे। इसी बीच गुरुवार और शुक्रवार को खेतों में लगी टमाटर, सेमी, राहर और भिंडी जैसी सब्ज़ियों की मौसमी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया। किसान बताते हैं कि इन सब्ज़ियों पर उनकी रोज़ की रोज़ी-रोटी चलती है, लेकिन बिना किसी परवाह के खेतों पर मशीनें और भारी सामान चलाकर खेती को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।



### किसान बोले: "डरा-धमकाकर कराया जा रहा काम, विरोध करने पर सुनवाई नहीं"

गोबरा पेंड्री के प्रभावित किसानों—खिलावन सिन्हा, मोहित यादव, नंदकुमार साहू, चौवन चक्रधारी, इतवारी साहू, साधुराम साहू और उमेंद्र लाल साहू ने बताया कि एजेंसी के कर्मचारी आए दिन डरा-धमकाकर खेतों में प्रवेश कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि विरोध करने पर भी उनकी बात सुनी नहीं जाती और सामना करने पर कहा जाता है— "ये सरकारी काम है, चाहे तुम्हें पसंद हो या न हो, हमें करना ही है।"किसान बताते हैं कि उन्होंने कई बार काम रोकने की कोशिश की, लेकिन एजेंसी द्वारा "ऊपर के आदेश" का हवाला देकर काम जारी रखा गया।

### पूरे ब्लॉक के 150+ किसान मुआवज़े को तरस रहे प्रोजेक्ट के नाम पर बढ़ रही बेदखली की चिंता

धमधा ब्लॉक के करीब 150 किसान इस टावर प्रोजेक्ट से प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि न तो पहले फसल नुकसान का अच्छे से सर्वे किया गया, न उन्हें कोई नोटिस दिया गया और न ही मुआवज़े की राशि ढंग से तय की गई। वहीं अब जब फसल रौंद दी गई है, तब भी किसी किसान को एक रूपया तक मुआवज़ा नहीं मिला। किसानों में यह भी आशंका है कि आगे इसी तरह और भी खेतों में बिना पूछे, बिना कागजी प्रक्रिया के टावर लगाए जा सकते हैं, जिससे कृषि भूमि को स्थायी नुकसान होगा। किसानों ने तहसीलदार धमधा पर यह आरोप लगाया है कि फसल क्षति का मुआवजा सरकार द्वारा आगजनी या प्राकृतिक आपदा के मामलों में तय न्यूनतम दरों के आधार पर तय किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यह "न्यूनतम दर"बीज, खाद, दवाई, सिंचाई और मेहनत का खर्च भी पूरा नहीं कर पाती। किसानों ने कहा कि यह मुआवज़ा पाना भी मुश्किल है क्योंकि फसल को 'प्राकृतिक आपदा' के दायरे में नहीं रखा जा रहा। किसानों ने इसे सीधा अन्याय बताया है। किसानों ने बताया कि फसल पहले ही कीट, मौसम और बाजार की मार झेल रही है। ऐसे में यदि सरकारी काम के नाम पर फसल रौंद दी जाती है और मुआवज़ा भी नहीं मिलता, तो किसान और उनके परिवार गहरी आर्थिक परेशानियों में फंस जाएंगे। किसानों का कहना है— "हम टावर लगाने का विरोध नहीं कर रहे,हम केवल अपनी मेहनत की फसल का उचित मुआवज़ा चाहते हैं।"

### किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी: समाधान नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन

किसानों ने प्रशासन से मांग की है:खड़ी फसल को हुआ वास्तविक नुकसान का पूरा मुवावजा किसान के लगत को देखकर दिया जाए जब तक सभी किसानों को भुगतान नहीं हो जाता, टावर लगाने का कार्य रोका जाए। खेतों में जबरन घुसने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नुकसान का सर्वे स्वतंत्र और निष्पक्ष टीम द्वारा कराया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होती, तो वे सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक रही हंगामेदार

# डीएमओ ने सामान्य सभा में भेज दिया प्रोग्रामर को, मचा बवाल बिरेभाठ में खरीदी के दौरान किसान की मौत पर भी हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक शुक्रवार को हंगामेदार रही। हर बार की तरह जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे के निर्देश के बाद भी विभागों के प्रमुख अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे। डीएमओ ने अपनी जगह बैठक में प्रोग्रामर को भेज दिया। इसे लेकर जिला पंचायत के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधायक भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू ने जमकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले में त्रि स्तरीय पंचायती राज के अंतर्गत शासन नाम की चीज नहीं है, अफसर बेलगाम हैं। उन्होंने धान खरीदी के दौरान टोकन वितरण, एग्री स्टैग में पंजीयन, रकबा कम दर्शाए जाने के मुद्दे पर सवाल दागे। इतना ही नहीं उन्होंने 15वें वित्त आयोग से जारी होने वाली राशि को लेकर भी जानकारी चाही। 8 महीने बाद भी राशि जारी नहीं होने से जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर मूलभूत कार्यों को लेकर दिक्कत होने की बात कही। इसका कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों ने समर्थन किया। सदस्यों ने तत्काल व्यवस्था सुधारने अन्यथा बैठक का बहिष्कार करने की चेतावनी दे डाली। जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे पूरे समय सदस्यों को मनाने का प्रयास करती रहीं। अधिकारियों पर कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया, लेकिन सदस्यों ने नाराजगी जारी रखी। बैठक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी मौजूद थे। बैठक में देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीलम चंद्राकर, कल्पना साहू, नोमिन साहू, किशन साहू, कुलेश्वरी देवांगन, लीमन साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।



### 2 एकड़ से कम के टोकन को लेकर कोई भी स्पष्ट गाइडलाइन नहीं

अशोक साहू ने कहा कि 2 एकड़ तक के रकबा वाले किसान को 1 टोकन दिया जाना है। दो एकड़ से ऊपर और 10 एकड़ से कम वाले को 2 और 10 एकड़ से अधिक वालों को 3 टोकन दिया जाना है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यदि कोई किसान 50 कट्टा धान लेकर पहुंच रहा है, उस स्थिति में क्या किया जाए। इसके अलावा पोर्टल में गड़बड़ी के चलते वैसे ही किसानों का रकबा कम दर्शा रहा है। पंजीयन में कई तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही हैं। स्टॉक लिमिट समिति की अब तक तय नहीं है। इससे भी खरीदी प्रभावित हो रही है।

### पुलगांव-अंजोरा-अभनपुर फोरलेन के लिए कितने पेड़ कटे

बैठक में छात्रावास संचालन, मुख्यमंत्री बाल सुरक्षा कौशल योजना, प्रयास आवासीय विद्यालय पाटन, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (जिसमें दुर्ग जिला राज्य में प्रथम), ट्यूशन फीस माफी, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना तथा अत्याचार निवारण अधिनियम संबंधी जानकारी प्रस्तुत की गई। नि:शुल्क नर्सिंग पाठ्यक्रम, पं. जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना, राजीव गांधी युवा उत्थान योजना एवं प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की प्रगति भी साझा की गई। सदस्यों ने फोरलेन मार्ग पुलगांव-अंजोरा-अभनपुर के लिए काटे गए पेड़ों की जानकारी चाही। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने अरसनारा में प्रस्तावित धान सोसायटी स्थल पर लगभग 200 बबूल पौधों की कटाई हेतु अनुमति की आवश्यकता बताई। जामगांव में संचालित फैक्ट्री से हानिकारक गैस उत्सर्जन और लगातार जलती चिमनी पर सदस्यों ने चिंता व्यक्त की गई

### बिरेभाठ में खरीदी के दौरान किसान की मौत की हो जांच

अशोक साहू ने सहकारी समिति रानीतराई के अंतर्गत बिरेभाठ केंद्र में 25 नवंबर को खरीदी के दौरान ग्राम अशोगा के किसान जोहर चंद्राकर की मौत का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किन परिस्थितियों में किसान की मौत हुई, इसकी जांच होनी चाहिए। किसान धान बेचने आया था, किस तरह की परेशानी उसे उठानी पड़ी, इसे लेकर कहीं कोई जांच अब तक नहीं हुई है। सीधे तौर पर खरीदी के दौरान बरती लापरवाही के कारण किसान को दिल का दौरा पड़ा। मामले में जांच होनी चाहिए। सदस्य दानेश्वर साहू ने उनका समर्थन किया।

### वन विभाग ने दो साल में लगाए कितने पौधे, कितने बचाए, विभाग नहीं दे पाया जानकारी

सदस्यों ने वन विभाग से जानकारी चाही कि वन विभाग ने पिछले दो साल में कितने पौधे रोपे, कितने पौधों को सहेजा जा सका। इसकी जानकारी दी जाए। इस पर वन विभाग के एसडीओ ने जानकारी उपलब्ध नहीं होने की बात कही, इस पर सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराई। इसी प्रकार पर्यावरण विभाग से पूछा गया कि उद्योगों में पर्यावरण संतुलन की दिशा में क्या कुछ कार्य किए गए हैं। क्या पौधे लगाए गए, तो उन्होंने बताया कि सभी फैक्ट्रियों की नियमित जांच की जा रही है। नियमों के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है।

# पारिवारिक विवाद के कारण भाई की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बड़े भाई की हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी विनय प्रताप ठाकुर उर्फ इशू (33) को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। आरोपी पर 1 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड न जमा करने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने कहा कि हत्या गंभीर है, लेकिन यह रेयरेस्ट ऑफ द रेयर नहीं है। यह फैसला सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से आया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 28 फरवरी 2023 की है। शंकर नगर वार्ड 11 में पारिवारिक विवाद के चलते विनय ने अपने बड़े भाई विश्वजीत सिंह ठाकुर उर्फ गोलू की हत्या कर दी थी। आरोपी ने पहले अपने माता-पिता को कमरे में बंद किया और चेतावनी दी कि विश्वजीत के पास मत जाना। बाद में उसने भाई के कमरे में जाकर कहा कि इस घर में मेरा राज चलेगा। इसके बाद विनय ने गुस्से में विश्वजीत पर हमला कर दिया। सील-बट्टा और गला दबाने की आवाजें सुनाई दीं। जब माता-पिता कमरे से बाहर निकले तो विश्वजीत मृत अवस्था में मिला। उसके सिर पर गंभीर चोटें थीं। मोहन नगर ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। शासन के तरफ से मामले में पैरवी लोक अभियोजक एमके दिल्लीवार ने की। फैसले के बाद आरोपी विनय प्रताप ठाकुर उर्फ इशू को सजा वारंट जारी कर केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

### आनंद मेला में जुटे विद्यार्थी दिखाई अपनी रचनात्मकता

**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ "आनंद मेला" का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के चेयरमैन राजन कुमार दुबे ने किया। इस आनंद मेला" में महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट छत्तीसगढ़ी चिला, फरा, चौसेला, अईरसा, खुरमी सहित पारंपरिक भारतीय पकवानों की आकर्षक विविधता ने आगंतुकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम परिसर पूरे दिन उल्लास, संगीत, सांस्कृतिक और विद्यार्थियों की नवाचारपूर्ण प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और आगंतुकों की सक्रिय सहभागिता ने इस आयोजन को अत्यंत सफल बनाते हुए इसकी सार्थकता सिद्ध किया।

# शिक्षक स्कूल में अपना दायित्व नहीं निभा पा रहे:फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि सरकार ने स्कूलों के शिक्षकों को आवारा कुत्तों की जानकारी संकलित कर ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा निगम को देने का अजीबोगरीब फरमान जारी किया है। फेडरेशन का कहना है कि राज्य शासन ने शासकीय स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नाम पर राज्य सरकार ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया था। लेकिन अब हो कुछ और रहा है, इसलिए शिक्षक संवर्ग का पदनाम बदलकर अब मल्टी-टास्किंग स्टाफ (एम टी एस) रख देना चाहिये।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं .दुर्ग.संभाग महामंत्री चंचल कुमार द्विवेदी.. गोपेन्द्र साहू.,देवेंद्र साहू विक्रम सिंह.,..मनोज वर्मा .ने सरकार से पूछा है कि क्या स्कूलों में बच्चों को विषय ज्ञान देना अत्यावश्यक सेवा नहीं है ? क्या आवारा कुत्तों की सूचना देने का कार्य,शिक्षकों से कराने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। फेडरेशन के कहना है कि अधिकांश स्कूलों बाउंड्रीवाल नहीं है। यदि हैं तो जीर्णोद्धार की स्थिति में है। ऐसे में शाला प्रमुख शिक्षक आवारा कुत्तों का शाला में प्रवेश के रोकथाम हेतु प्रबंध कैसे करेंगे ?आवारा कुत्तों से क्या शिक्षकों को खतरा नहीं है ? बाउंड्रीवाल नहीं होने से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा देर रात स्कूलों में होता है।

## बिजनेस साइट





# ठंड में पानी कम, परेशानी ज्यादा सर्दियों में किडनी मरीजों का ग्राफ चढ़ा

**दुर्ग।** सर्दियों की शुरुआत के साथ ही किडनी और मूत्र संबंधी रोगों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के अनुसार केवल नवंबर महीने में किडनी-यूरीन मरीजों की संख्या में लगभग 35% वृद्धि दर्ज की गई है। अस्पताल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका बताते हैं कि ठंड के कारण लोगों की प्यास कम हो जाती है, जिसके चलते पानी का सेवन सामान्य से काफी कम हो जाता है। इससे यूरिन गाढ़ा होता है और यूटीआई, किडनी स्टोन तथा प्रोस्टेट संबंधित समस्याएँ बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि नवंबर में स्टोन और इंफेक्शन से जुड़े करीब 180 से अधिक मरीज अस्पताल पहुँचे, जो पिछले महीनों की तुलना में काफी ज्यादा है।

किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू का कहना है कि सर्द मौसम किडनी मरीजों के लिए "हाई रिस्क सीजन" माना जाता है। ठंड में ब्लड प्रेशर स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है, जिससे किडनी पर दबाव बढ़ता है और क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) वाले मरीजों में सूजन, क्रिएटिनिन बढ़ने और यूरिन आउटपुट कम होने जैसे लक्षण अधिक दिखने लगते हैं। डॉ. साहू के मुताबिक नवंबर में ऐसे मरीजों की संख्या में 20% तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैश्विक शोध भी इसी प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। इंटरनेशनल स्टडीज़ में पाया गया है कि सर्द मौसम में प्रोटीनुरिया (यूरिन में प्रोटीन) लगभग 50% तक बढ़ जाती है, जो किडनी फेल्योर का जोखिम बढ़ा देती है। इसके अलावा, कई ग्लोबल रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि एक्यूट किडनी इंजरी (एकेआई) सर्दियों में सबसे अधिक पाई जाती है और इस मौसम में इसकी मृत्यु दर गर्मियों की तुलना में काफी ज्यादा होती है। यह डेटा बताता है कि ठंड का मौसम किडनी रोगियों और आम लोगों दोनों के लिए सतर्क रहने का समय है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पेशाब में जलन, बार-बार पेशाब लगना, गंदा या झागदार पेशाब, कमर के एक ओर तेज दर्द, पैरों या चेहरे में सूजन या अत्यधिक थकान जैसी समस्याएँ दिखें तो इन्हें हल्के में न लें और तुरंत जांच कराएँ। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में स्टोन लेजर ट्रीटमेंट, एंडो–यूरोलॉजी, मॉडर्न डायलिसिस यूनिट और 24×7 इमरजेंसी जैसी उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध हैं। अस्पताल में नवंबर महीने में ही 500 से अधिक किडनी व मूत्र रोगियों की जांच की गई। डॉ. दारुका और डॉ. साहू दोनों ने नागरिकों को सलाह दी है कि सर्दियों में दिनभर 2.5–3 लीटर पानी पिएं, पेशाब न रोकें, नमक व तला-भुना भोजन कम करें और डायबिटीज़-हाई बीपी वाले मरीज नियमित मॉनिटरिंग करते रहें। विशेषज्ञों के अनुसार शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज करना आगे चलकर गंभीर किडनी समस्याओं में बदल सकता है।




## ।। पगड़ी रस्म ।।



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहें हैं कि हमारे

**पूजनीय माताजी श्रीमति प्रेमलता अग्रवाल जी**

(धर्मपति श्री शिवशंकर लाल अग्रवाल जी)

का स्वर्गवास बुधवार, 19 नवम्बर 2025 को हो गया है ।

जिनकी आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित है ।

रविवार 30 नवम्बर 2025, पगड़ी रसम शाम 4 से 5 बजे

स्थान : राधा कृष्ण मंदिर, नेहरू नगर (ईस्ट), भिलाई

: शोकाकुल :

शिवशंकर लाल अग्रवाल (पति), अतुल अग्रवाल (पुत्र), रामा शंकर, भवानी शंकर (देवर), उषा अग्रवाल (देवरानी), संजय, विकास, गगन, विकुल, दीपक, गौरव, गुंजन (भतीजे), पार्थ (पौत्र) और समस्त अग्रवाल परिवार

#### कुर्मीगुंडरा, जामगांव (एम) और घुघुवा में गत वर्ष की तुलना में अधिक खरीदी

# कलेक्टर ने पाटन विकासखण्ड में धान खरीदी और एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शुक्रवार को जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम कुर्मीगुण्डरा, जामगांव (एम), घुघवा और पंदर में धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंदर में एसआईआर कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से रू-ब-रू चर्चा कर व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।



धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुंडरा, जामगांव (एम) और घुघुवा में गत वर्ष की तुलना इस वर्ष अधिक खरीदी, वहीं पंदर में कम खरीदी हुई है। आज की तिथि में धान उपार्जन केन्द्र कुर्मीगुण्डरा में 8295 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें धान मोटा 2378 क्विंटल, धान पतला 2003 क्विंटल एवं धान सरना 3914 क्विंटल शामिल है। जबकि गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 7006 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। जामगांव (एम) उपार्जन केन्द्र में 5940 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। जिसमें धान मोटा 2737 क्विंटल, धान पतला 943 क्विंटल एवं धान सरना 2261 क्विंटल शामिल है। गत वर्ष इस उपार्जन केन्द्र में 5346 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसी प्रकार घुघवा उपार्जन केन्द्र में 4750 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग

मो. 7869433660, 9399486858

**खबर संक्षेप**

### रिसाली में गायत्री महायज्ञ आज से

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर भिलाई के सौजन्य से 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं सहस्त्र वेदीय दीप यज्ञ का आयोजन 29 से 30 नवंबर तक दुर्गा मैदान मैत्रीकुंज रिसाली भिलाई में आयोजित किया गया है।

### संवेदनशील मामलों पर चर्चा 1 को

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ऑफिसर्स एसोसिएशन की 63वीं जनरल बॉडी मीटिंग 1 दिसंबर को सुबह 10.45 प्रगति भवन सिविक सेंटर भिलाई में होगी। जिसमें मुख्य रूप से इन संवेदनशील मामलों पर चर्चा होगी। जिसमें बीएसपी हॉस्पिटल का निजीकरण, ईपीएस 95 पेंशन, बीएसपी हाउस रिटेंशन स्कीम इत्यादि है।

### कुम्हारी के ट्रांसपोर्टर का वाहन फर्जी नंबर से बिहार में चल रहा

**कुम्हारी।** दुर्ग जिले के एक ट्रांसपोर्टर की गाड़ी नंबर का प्रयोग करते हुए बिहार में फर्जी तरीके से दूसरा वाहन चलाया जा रहा था। इसका खुलासा तब हुआ जब आरटीओ ने उस फर्जी नंबर वाले



ट्रक पर चालानी कार्रवाई की। ट्रांसपोर्टर ने तुरंत कुम्हारी थाना पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार कुम्हारी के ट्रांसपोर्टर सर्वजीत सिंह की गाड़ी क्रमांक सीजी 04 एल टी 5516 पर चालानी कार्रवाई की जानकारी भोजपुर बिहार आरटीओ द्वारा विगत 27 नवम्बर को उनके मोबाइल नम्बर में दी गई। उक्त ई चालान देख उन्हें हैरनी हुई। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी कभीं भोजपुर बिहार गई ही नहीं है फिर भोजपुर में ई चालान होना चौंका देने वाली बात थी। जबकि उनके इस नम्बर की गाड़ी अभी वर्तमान में अहमदाबाद गुजरात में खड़ी है। सर्वजीत सिंह ने इस बात की जानकारी कुम्हारी थाना में लिखित में दी। साथ ही ई चालान, टोल टैक्स की सम्पूर्ण जानकारी भोजपुर बिहार के आरटीओ को भी भेज दी है।

# कड़कड़ाती ठंड में घरों के नल से पानी भरती हैं महिलाएं

**सेक्टर एक के दो मंजिला भवन में सवा पांच बजे क्वार्टरों में हो रही जलापूर्ति, क्षेत्रवासियों ने की समय बदलने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेक्टर 1 के सैकड़ों निवासियों को ठंड में अलसुबह से उठकर उठकर नलों से पानी भरने मजबूर होना पड़ रहा है। इससे उन्हें भारी परेशानी हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बीएसपी प्रबंधन से जलापूर्ति का समय बदलने की मांग की है।

फिर से ठंडी बढ़ने के साथ ही सेक्टर एक क्रास स्ट्रीट -1 सिंगल स्टोरी क्षेत्र और आसपास के रहवासियों की स्थित दुबले पर दो आषाढ़ जैसी हो गई है। इस क्षेत्र के आवासों में बीएसपी द्वारा तड़के सुबह सवा पांच बजे पेय जलापूर्ति की जा रही है।

गर्मी और बारिश के मौसम मे इस समय रहवासियों को अपने घर के नल से निस्तार के लिए पानी भरने में दिक्कत नही होती थी। लेकिन इस ठंड के मौसम में कड़कड़ता ठंड में सुबह सवा पांच बजे उठकर पानी भरने से ठंडी के साथ कई तरह की परेशानी हो रही है। खासकर महिलाएं और फर्स्ट शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कर्मियों को नल से पानी भरने में ठिठुरन के साथ कई तरह की परेशानी हो रही है। इससे उनमें असंतोष है। त्रवासियों ने बताया कि सुबह पानी भरने के साथ बच्चों को स्कूल जाने तैयारी करने और कई तरह के काम करने पड़ते है। बीएसपी से कई बार समय बदलने की मांग के बाद भी अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।



**सुबह 7 बजे जलापूर्ति करने की जरुरत**

सालभर पहले सेक्टर चार की जर्जर पानी टंकी ठह जाने के बाद से सेक्टर के में जलापूर्ति का समय सुबह 7 बजे के बजाय 5.15 बजे कर दिया गया है। सेक्टर एक की जर्जर पानी टंकी को बंद कर दिया गया है। सेक्टर एक में सेक्टर 2 पानी टंकी से जलापूर्ति की जा रही है। व्यवस्था बदलने का खामियाजा सेक्टर एक के डबल स्टोरी क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी को महिलाओं की परेशानी को देखते हुए सुबह सात बजे जलापूर्ति करने की जरुरत है।

## यूनियनों ने एकजुटता के बाद भिलाई लोक सृजन समिति ने की विधित व्यवस्थापन की मांग

# हजारों रिटेंशनधारियों पर बढ़ेगा बोझ आवासधारियों में असंतोष का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**इस्पात मंत्री से बीएसपी प्रबंधन के कदम पर हस्तक्षेप करने की मांग**



बीएसपी टाउनशिप में रिटेंशन आवासों के प्रस्तावित मनमाने ढंग से किराया बढ़ाने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने किराया वृद्धि को सेवानिवृत्त कर्मियों पर आर्थिक बोझ बताते हुए आवासधारियों को एकजुट करना शुरु कर दिया है। भिलाई लोक सृजन समिति ने इस्पात मंत्री को ज्ञापन भेजकर बीएसपी के किराया वृद्धि के प्रस्तावित कदम पर तत्काल हस्तक्षेप कर राहत दिलाने की मांग की है। 24 रुपए प्रति वर्ग फीट किराया बढाने की तैयारी है।

गौरतलब हो कि सेल आवास योजना के आधार पर भिलाई इस्पात संयंत्र के आवासों को वर्ष 2001 से 03 के मध्य तीस वर्षीय पट्टे पर बीएसपी कर्मचारियों दिया गया था। टाउनशिप में 4352 आवास आवंटित किए गए थे। भिलाई लोक सृजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि सेल आवास योजना को विस्तारित कर लायसेंस पद्धति के तहत अवैध कब्जाधारियों सहित गैर बीएसपी कर्मियों को भी कई आवास आवंटित किए गए थे। इनकी संख्या तीन हजार से अधिक है। नौ फरवरी 2008 को सेल के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर तत्कालीन इस्पात मंत्री राम विलास पासवान ने हाउस लीज योजना को तत्काल लागू करने की घोषणा भिलाई में की थी। इस घोषणा के बाद 25 जुलाई 2008 को सेल बोर्ड की 340 वीं बैठक में लीज आवासो के अतिरिक्त निर्माण के विनिर्मितिकरण बाद लीज योजना लागू करना तय किया गया था। भिलाई में इसे तत्काल 599 वर्गफुट तक के मकानों को तत्काल ही चालू करने का निर्देश भी दिया गया था। 2008 में ही रिटायर हो रहे कई कर्मियों की ग्रेज्युटी राशि से 2 लाख रुपए अग्रिम रुप से प्रबंधन ने हाउस लीज रिकवरी के रुप में रख ली थी। इन्हीं में से अधिकांश पूर्व कार्मिकों को कुछ शर्तों के साथ दो साल संयंत्र आवासों में रहने की अनुमति दी गई। हाउस लीज रिकवरी की राशि को भी सुरक्षा निधि के रुप में परिभाषित किया गया। इन पूर्व कार्मिकों को मौखिक रुप से प्रबंधन ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में लीज योजना के लागू होने पर रिटेंशन स्कीम में रह रहे पूर्व कार्मिकों को समाहित कर लिया जाएगा।

**शासन व सेल में बनी सहमति**

20 मार्च 2015 को तत्कालीन इस्पात मंत्री व मुख्यमंत्री छग शासन के नेतृत्व में सेल के शीर्ष अधिकारियों की दिल्ली में हुई बैठक में इस बात पर सहमति बनी थी कि इस योजना को फिर से नियमितिकरण बाद लागू किया जाएगा। 2019 में कुछ कार्मिकों को जो, रिटेंशन स्कीम में रह रहे थे, लायसेंस योजना के तहत पांच लाख सुरक्षा निधि लेकर वैधता प्रदान की गई। आज भी हजारों पूर्व और वर्तमान कार्मिक सहित उनके परिवार इस लीज, लायसेंस योजना के क्रियान्वयन का इंतजार कर रहे हैं।

**विधिवत हो व्यवस्थापन**

भिलाई लोक सृजन समिति व लोइमू के राजेंद्र परगनिहा ने बताया कि राज्य शासन और भिलाई नगर निगम के अधिकारियों ने नियमितिकरण पर लगातार पत्र व्यवहार किया लेकिन सेल प्रबंधन ने इस पर हमेशा टालमटोल का रवैया रखा। अब समिति के सदस्यों को पीपी एक्ट से प्रताड़ित किया जा रहा है। श्री परगनिहा ने इस्पात मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर विधिवत व्यवस्थापन की मांग की है। रिटेंशन आवासों के प्रस्तावित किराया वृद्धि के प्रबंधन के कदम पर भी रोक लगाने की मांग की गई है।

## हर दिन ट्रेन से जाता था रायपुर एक दिन बाइक से गया और हो गया हादसे का शिकार, मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



अलग-अलग सड़क हादसों में शिवाजी नगर खुर्सीपार के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान पुरेश छपाने (23 वर्ष) और विशाल सुरजल (27 वर्ष) के रूप में हुई। दोनों युवक अपनी अपनी बाइक में रायपुर से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। दोनों ही हादसे में अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकला।

जानकारी के अनुसार बीती रात 9 बजे के आसपास खुर्सीपार गेट के पास मोटर साइकिल सवार पुनेश छनापे को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में पुनेश की मौत हो गई। शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी पुनेश छनापे एम्स रायपुर में काम करता था। रोज वह ट्रेन से आना जाना करता था, लेकिन लेट होने के कारण गुरुवार को अपनी बाइक एम्स रायपुर गया था। वहां से लौटते समय खुर्सीपार गेट के पास हादसे में उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना रात 9 बजे के आसपास साईं धाम कुम्हारी के पास हुई। मोटर साइकिल में रायपुर से खुर्सीपार लौट रहे शिवाजी नगर निवासी विशाल सुरजल को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटना में गंभीर चोट के कारण विशाल की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। बताया जाता है कि विशाल रायपुर में निजी कंपनी में काम करता था। खुर्सीपार गेट के पास हादसे में जान गंवाने वाले पुनेश छनापे और साईं धाम के पास हुए हादसे में मृतक विशाल सुरजल दोनों का घर शिवाजी नगर खुर्सीपार में है। दो युवकों की मौत से उनके मोहल्ले में मातम छा गया है।

## बीच सड़क में चाकू से काटा केक दो नाबालिग सहित पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

बीच सड़क पर जन्मदिन का केक काटना युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया में दहशत फैलाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लेते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया। जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। सभी को रिमांड पर भेजा गया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोचीपारा दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मोचीपारा दुर्ग निवासी अंकित कुरील 18.2 वर्ष, अशोक मालापुर उम्र 35 वर्ष, प्रेम चंद्राकर उम्र 22 वर्ष एवं दो नाबालिग बालकों द्वारा वर्मा इलेक्टॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिक दुकान के सामने रविदास मंदिर के पास मोचीपारा दुर्ग में बीच सड़क पर बाइक पर लोहे के धारदार चाकू से जन्मदिन का केक काटने के बाद सोशल मीडिया इन्स्टाग्राम में अपलोड किया गया। जो देखते ही देखते वायरल हो गया। पता तलाश के दौरान सभी को पुलिस ने पकड़ा। सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराने के संबंध में पूछताछ के दौरान जुर्म स्वीकार करने पर धारा 126(2), 191(2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया।

## श्मशान घाट के पास सजी ताश की महफिल, सात जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



■ 17 हजार कैश सहित 1.73 लाख का सामान जब्त

ग्राम अरसनारा शमशान घाट के पास जुआ खेल रहे 7 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 17000, 10 मोबाइल, 2 दुपहिया वाहन कुल कीमती 173000 का सामान पुलिस ने जब्त किया है। मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है। आरोपियों के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार 26 नवंबर की रात्रि ग्राम आरस नारा शमशान घाट के पास बिजली पोल के नीचे स्ट्रीट लाइट की रोशनी में जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस रेड मारने मौके पर पहुंची और 7 लोगों को धरदबोचा। पुलिस ने दुर्गा मंच के पास वार्ड-1 जुनवानी निवासी शेष नारायण पिता संतोष यादव उम्र 26 साल, बजरंग नगर कंडरा पारा दुर्ग निवासी बंशी लाल उम्र 59 साल, ग्राम अरसनारा निवासी प्रदीप कुमार मैत्रे उम्र 19 साल, अंबेडकर नगर बौद्ध बिहार के पास वार्ड-58 उरला दुर्ग निवासी प्रवीण लांजेवार उम्र 28 साल, न्यू गोंदवारा लिंग सेज कोल्ड स्टोरेज के बाजू में रायपुर निवासी धर्मेन्द्र चौधरी उम्र 33 वर्ष, वार्ड 58 उरला दुर्ग निवासी विरेन्द्र कुमार ठाकुर उम्र 37 वर्ष, ग्राम धनोरा निवासी मनीष कुमार साहू उम्र 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुए की फड़ से नगदी रकम 17020, पत्ती ताश, 10 मोबाइल जुमला कीमती लगभग 131000 रुपये, 2 बाइक होडा साईन क्रमांक सीजी 07 सीयू 1404 और बजाज डिस्कवर क्रमांक सीजी 07 एक्यू 0919 कीमती लगभग 25000 रुपये, कुल 73020 रुपये का सामान जब्त किया है।

## विधायक देवेंद्र ने रेलमंत्री को लिखा पत्र, रेलवे स्टेशन में सुधारी जाए गलती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से जुड़ी जानकारी को नजरअंदाज किए जाने पर विधायक देवेंद्र यादव ने सख्त आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संदर्भ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर इस गलती को सुधारे जाने की मांग की है। यादव ने अपने पत्र में कहा है उपरोक्त विषयांतर्गत दुर्ग जिले में स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आता है। जिसमें भारत सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवीनीकरण कार्य किया गया है। इसी कड़ी में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का भी नवीनीकरण, सौन्दर्यीकरण कार्य किया गया है। भिलाई नगर को भारत का गौरव बनाने में रेलवे का महत्वपूर्ण योगदान सफर के तहत प्रदर्शन पटल लगाया गया है। जिसमें अधूरी व गलत जानकारी प्रदर्शित है। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान विभिन्न गांव विलीन होकर एक नए शहर के स्वरूप में आए। जहां सुपेला रेलवे निर्मित किया गया था।

## डंडे से जानलेवा हमला, जिंदगी और मौत से जूझ रहा युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



■ शराब पीने की बात को लेकर हुआ था विवाद, आरोपी सुपेला पुलिस की गिरफ्त में

शराब पीने की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया गया। बांस व डंडे से युवक को इस कदर पीटा गया कि वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। सुपेला थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में मकान नं. 84/5, नेहरू नगर पूर्व निवासी हरीश चन्द्र साहू पिता कन्हैया साहू उम्र 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1) बीएनएस के तहत कार्वाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार विगत 29 अक्टूबर को आशाराम बापू आश्रम के सामने शराब की बात पर रोशन ढीमर और आरोपी हरीश चन्द्र साहू के बीच विवाद हो गया। झगड़ा इतना बड़ गया कि आरोपी हरीश चन्द्र साहू ने बांस के डंडे से रोशन के सिर, कंधा में गंभीर चोट पहुंचाया। इससे रोशन वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भर्ती कराया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस जब घायल युवक से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बताया कि घायल युवक की हालत काफी गंभीर है। समय पर उपचार नहीं मिलता तो मौत निश्चित थी।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**सीटू के नॉन वर्क्स जोन का जोनल सम्मेलन आयोजित**

# 9 साल बाद भी वेतन समझौता अधूरा, यूनियनें हुईं लामबंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू भिलाई के नॉन वर्क्स जोन का जोनल सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता संतोष कुमार ने की। सम्मेलन में विशेष रूप से यूनियन के अध्यक्ष विजय कुमार जांगड़े, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, डीवीएस रेड्डी महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी उपस्थित थे। सम्मेलन के शुरुआत में दिवंगत साथियों को याद कर श्रद्धांजलि दी गई। नॉन वर्क्स जोन के जोनल सचिव एलएन अग्रवाल ने 3 वर्षों में किए गए कामकाज की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिस पर साथियों ने चर्चा करने के बाद रिपोर्ट को पारित कर दिया। आगामी 3 वर्षों के लिए जोनल समिति हेतु कामरेड नितिन कश्यप ने दस सदस्यों का प्रस्ताव रखा। जिसमें एलएन अग्रवाल, आरके प्रसाद, ओपी शर्मा, नितिन कश्यप, एमएल वर्मा, सुशील कुमार, मनीष यदु, बीआर बोरकर, पुरुषोत्तम रेड्डी, रविशंकर दास शामिल थे। कामरेड ओपी शर्मा ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। संयोजक पद हेतु लक्ष्मी नारायण अग्रवाल एवं उप संयोजक पद हेतु के नाम का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित साथियों ने इन्हें भी सर्वसम्मति से चुन लिया। सम्मेलन में आरके प्रसाद, सुशील कुमार, रविशंकर दास एवं मनीष यदु को चुना गया।

**9 साल बाद भी वेतन समझौता अधूरा**

सम्मेलन के दौरान साथियों ने चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने वेतन समझौता पूर्ण नहीं किया है। ऊपर से चार श्रम कोड्स को थोप कर कर्मियों पर और बोझ बढ़ाने तथा गुलामी की दशा में पहुंचाने की तैयारी शुरू हुई है, किंतु प्रबंधन एवं देश के शासक वर्ग यह जान ले कि पहले 12 घंटा से 18 घंटा काम करवाने और मजदूरों का निर्मम शोषण करने की व्यवस्था थी। इसके खिलाफ संघर्ष करके 8 घंटे के कार्य दिवस को हासिल किया गया। यदि फिर से 12 घंटे के कार्य दिवस करने एवं लड़ कर हासिल किए गए।

## डुंडेरा वार्ड में अंधेरा, एमआईसी मेंबर ने लगाए आरोप


हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

■ टेंडर जारी होने के बाद भी लाइट नहीं लगने से वार्डवासियों में रोष

रिसाली नगर निगम के डुंडेरा वार्ड के पार्षद व एमआईसी मेंबर रोहित धनकर अपने वार्ड में बिजली नहीं लगने से खफा हैं। उनका आरोप है कि दिवाली और दशहरा से पहले 5 -5 लाख रुपये के दो टेंडर जारी किए गए, लेकिन इन टेंडरों के तहत कहां-कहां लाइट लगी, इसकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। स्थिति यह है कि नया टेंडर जारी होने के महीनों बाद भी एक भी नई स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई।

वार्ड के लोग लगातार अंधेरे में हैं। त्योहार निकल गए, पर एक भी लाइट नहीं लगी। अगर वार्ड की लाइट नहीं लगा पा रहे, तो जनता के बाकी काम कैसे होंगे। उन्होने आरोप लगाया कि नगर निगम बीजेपी सरकार के अधीन चल रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354 411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


03



जीवन में चिंता और उदासी को दूर कर देंगी आपकी ऐसी आदतें

लाइव इवेंट

## छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल सिखाने बीआईटी दुर्ग ने किया एमओयू



- भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- 200 छात्रों ने लिया भाग

**भिलाई।** भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बीआईटी दुर्ग में नैस्कॉम फ्यूचर स्किल्स प्राइम के साथ हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी कौशल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल जारी है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एस. के. जायसवाल, एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. दलजीत सिंह वाधवा के पर्यवेक्षण और फ्यूचर स्किल्स प्राइम, सेंट्रल इंडिया के रीजनल हेड के. श्रीनु के सहयोग से भारत सरकार द्वारा समर्थित एक राष्ट्रीय तकनीकी स्किलिंग हब नैस्कॉम के फ्यूचर स्कील प्राइम के विभिन्न पाठ्यक्रमों से जुड़ने का अवसर बीआईटी के विद्यार्थियों को प्राप्त हो रहा है। इस एम.ओ.यू. का समन्वयन डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती और डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। पिछले वर्ष लगभग 200 छात्रों ने इन कोर्सों में भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रमाणित हुए। वर्तमान सत्र में भी एमबीए विभाग के छात्रों द्वारा अनेक कोर्स पूर्ण किए जा चुके हैं।

के. श्रीनु ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्यूचर स्किल्स प्राइम छात्रों को प्रतिष्ठित संगठनों में समर इंटर्नशिप दिलाने में सहयोग करेगा साथ ही आगामी समय में छात्रों के लिए एक बड़े जॉब फेयर के आयोजन की भी योजना है। उन्होंने यह भी बताया कि फ्यूचर स्किल्स प्राइम द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रमाणपत्र पूरी तरह मान्य और उद्योग द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, क्योंकि ये नैस्कॉम के उद्योग-समर्थित प्रमाणन, नेशनल ऑक्यूपेशनल स्टैंडर्ड्स और नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के अनुरूप होते हैं।

डिजिटल ट्रांसफ़ॉर्मेशन के इस युग में बीआईटी दुर्ग नवीन तकनीकों, नवाचार और प्रायोगिक शिक्षण पर जोर देते हुए छात्रों को भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए सशक्त बना रहा है। यह पहल न केवल छात्रों के कैरियर का मजबूत आधार तैयार कर रही है, बल्कि भारत को डिजिटल कौशल संपन्न राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्पूर्ण योगदान दे रहा है।

● अमेरिका में हिंदी की सेवा कर रहे भिलाई मूल के मयंक से स्कूली बच्चों ने की चर्चा

## हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा, विदेश के भी लोगों में है इसके प्रति आकर्षण, विद्यार्थियों ने किया संवाद

**अमेरिका में रह कर हिंदी भाषा की सेवा कर रहे भिलाई मूल के मयंक जैन ने शुक्रवार की सुबह भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हिंदी की वैश्विक उपस्थिति पर रोचक जानकारी दी और करियर से जुड़े विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों के प्रश्नों के जवाब दिए। छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित इस संवाद में इसी विद्यालय के 1993 बैच के छात्र मयंक जैन का स्वागत किया गया। संगीत शिक्षिका ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी में सुंदर काव्यात्मक प्रस्तुति भी दी। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने अपने स्वागत उद्बोधन में उम्मीद जताई कि इस उद्बोधन का लाभ विद्यार्थियों को जरूर मिलेगा।**





**भिलाई।** मयंक जैन पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और अमेरिका में अपनी संस्था हिंदी-यूएसए के माध्यम से हिंदी भाषा के विकास में लगातार कार्य कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने संवाद की शुरुआत करते हुए मयंक जैन ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक वाक्य "उठो, जागो, और तब तक मत रूको, जब तक लक्ष्य हासिल न हो जाए "को उद्धृत करते हुए अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सही दिशा में अपना विकास करना है तो एक सही और सच्चा मार्गदर्शक बना के रखो और उनके निर्देशों का निष्ठा पूर्वक पालन करो। हिंदी के प्रति किए जा रहे अपने कार्यों का उल्लेख करते हुए मयंक ने बताया कि वहां ज्यादातर भारतीय मूल के लोग ही हिंदी लिखने-पढ़ने में रुचि दिखाते हैं लेकिन भाषाओं के प्रति सम्मान रखने वाले अमेरिकी मूल के अन्य देशों के लोग भी हिंदी के प्रति आकर्षण रखते हैं। उन्होंने बताया कि हिंदी वर्तमान में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है।

### विदेश में उच्च शिक्षा के अवसर और करियर की दी जानकारी



इस दौरान मयंक जैन ने अपने छात्र जीवन से इस मुकाम तक पहुंचने के सभी पड़ावों का संक्षेप में उल्लेख किया। उन्होंने छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा के अवसर तथा करियर की दिशा में आगे बढ़ाने के तरीकों की उपयोगी जानकारी प्रदान की। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक कई प्रश्न पूछे। करियर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मयंक जैन ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए हिंदी भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जाकिर हुसैन ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वर्तमान में छत्तीसगढ़ी की वैश्विक उपस्थिति के संबंध में भी रोचक जानकारी दी।


### संगीत शिक्षिका ने दी काव्यात्मक प्रस्तुति

विद्यालय की संगीत शिक्षिका रजनी रजक ने छत्तीसगढ़ी और हिंदी में सुंदर काव्यात्मक प्रस्तुति दी। विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के सहयोग से आयोजन किया गया था। जिसमें वरिष्ठ व्याख्याता देवेन्द्र कुमार साहू, पवन कुमार अग्रवाल, सविता धपवाल, श्रवण कुमार साहू, वंदना सोनवाने, सजीथा राजेश, सुनीता अनिल, एस के खोबरागडे, परवेज, गोवर्धन साहू, नेहा, यास्मीन, अर्पिता, पद्मावती, विशाखा, पूर्णिमा, फातहिन, मनीषा, एम एम राव और शाला के सभी स्टाफ विशेष रुप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का शाला की वरिष्ठ व्याख्याता सरिता शाक्य ने आभार प्रदर्शन किया। अंत में विद्यालय की तरफ अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।



सिटी इवेंट

## हिन्दू रत्न सम्मान समारोह आज डॉ. प्रवीण तोगड़िया होंगे शामिल



- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल छत्तीसगढ़

**भिलाई।** प्रभु श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के जन नायक प्रखर हिंदुत्व के पुरोधा हिन्दू ह्रदय सम्राट डॉ प्रवीण भाई तोगड़यि आज भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। माता कौशल्या धाम राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में वीर हिन्दू विजेता हिन्दू और हिन्दू सुरक्षा अभियान के तहत 4 दिवसीय दौरे के अंतर्गत वे बिलासपुर से होते हुए रायगढ़ पहुंचे, जिसके बाद वे सारंगढ़, बसना, महासमुंद और रायपुर पहुंचे थे। इसी कड़ी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा बैकुंठ धाम मैदान कैंप 2 भिलाई में आयोजित हिन्दू रत्न सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। आयोजकों ने सभी हिन्दू योद्धाओ से डॉ प्रवीण तोगड़यि का स्वागत कर हिन्दू रत्न सम्मान समारोह में शामिल होने अपील की है।

## अभिनय-निर्देशन और दीर्घकालीन सांस्कृतिक सेवाओं को मिला भिलाई वाणी पुरस्कार 2025

- भिलाई वाणी रजत जयंती समारोह में तीन प्रतिष्ठित साहित्यकारों का सम्मान



**भिलाई।** द्विभाषी हिंदी–तेलुगू पत्रिका भिलाई वाणी के रजत जयंती समारोह का आयोजन प्रगति भवन, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन सिविक सेंटर, भिलाई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर साहित्य और संस्कृति की विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन विशिष्ट व्यक्तियों को भिलाई वाणी पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

जिसमें हिंदी साहित्य, व्यंग्य और श्रेष्ठ रचनाधर्मिता के लिए रायपुर के कवि गिरीश पंकज, हिंदी एवं बांग्ला साहित्य, रंगमंच, अभिनय-निर्देशन और दीर्घकालीन सांस्कृतिक सेवाओं के लिए भिलाई के प्रकाश चंद्र मण्डल, तेलुगु कवि डब्बीरु प्रभाकर राव को तेलुगु साहित्य सृजन एवं कविता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इन तीनों व्यक्तित्वों को भिलाई वाणी परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर अलंकृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, एल. रूद्रमूर्ति भिलाई वाणी, एम. बाबूराव भिलाई वाणी उपस्थित थे। कार्यक्रम में कविता पाठ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही साहित्यिक विमर्श भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कैलाश जैन बरमेचा, राजेंद्र प्रसाद जीएम बीएसपी, नावेद राजा, प्रदीप भट्टाचार्य, शेफाली भट्टाचार्य, ब्रजेश मल्लिक, बीना सिंह रागी सहित वरिष्ठ कवि और साहित्यप्रेमियो ने शिरकत की।

## दो दिवसीय चैंपियनशिप आज से, क्रिकेट के मैदान में शादीशुदा महिलाएं दिखाएंगी दमखम



**भिलाई।** नित्या इलेवन महिला क्रिकेट टीम के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय महिला टेनिसबॉल क्रिकेट चैंपियनशिप सीजन-2 का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर 7 के हाई स्कूल मैदान में 29 नवंबर से दो दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में राज्यभर से आठ टीमें भाग लेंगी। सबसे खास बात यह है कि टूर्नामेंट में 33 वर्ष से अधिक उम्र वाली शादीशुदा महिलाएं ही अपने खेल का जौहर दिखा पाएंगी। विजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ-साथ तीन नगद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार एक सौ ग्यारह, द्वितीय 6 हजार और तृतीय 3 हजार तीन सौ तैतीस रुपए नगद राशि दी जायेगी। इन पुरस्कारों के अलावा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट प्लेयर जैसे अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। क्रिकेट संघ से मान्यता प्राप्त अंपायरों की निगरानी में खेले जाने वाले ये टूर्नामेंट नॉकआउट राउंड में होंगे। टूर्नामेंट अध्यक्ष प्रेमिन बाई, उपाध्यक्ष माधवी साहू, सचिव शांति साहू और सह सचिव रानू प्रधान की देखरेख मे होंगे, जबकि पार्षद उमेश साहू एवं कोच हरदीप सिंह सग्गू और वेगी रमेश संरक्षक की भूमिका में होंगे। पूर्व खिलाड़ी गोकरण टंडन खुद महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, ताकि मैदान में महिलाएं पूरी तैयारी और जीत के जज्बे के साथ उतरें।

सिटी इवेंट

## इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग- दो वर्गों में बालिकाओं को मिला मंच



**भिलाई।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025–26 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है और इसी क्रम में दुर्ग जिला को भी इस वर्ष शामिल किया गया है। प्रतियोगिता का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर- 7 में सुबह 9 बजे से किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य नई बालिका प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और खेलों में बालिकाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए किया गया। दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव पी. जे. सेबेस्टियन ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल दुर्ग जिले की बालिका खिलाड़ी ही भाग लिया।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता दो वर्गों अंडर 14 तथा अंडर 16 में आयोजित की गई। अंडर 14 वर्ग में ट्रायथलन के विभिन्न समूहों के अंतर्गत 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैक थ्रो, 600 मीटर तथा किड्स जेवलिन जैसी स्पर्धाएं हुई। जबकि अंडर 16 वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो और जेवलिन थ्रो जैसी स्पर्धाएं भी हुई। प्रतियोगिता में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी स्पर्धाएं निर्धारित मानकों और तकनीकी निर्देशों के अनुसार कराई गई। प्रतियोगिता में जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों की बालिकाएं शामिल हुई। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन और दुर्ग जिला एथलेटिक्स संघ के सहयोग से किया जा रहा है।

सुर संगीत संगम के कलाकारों ने दी सुपर स्टार धर्मेन्द्र को श्रद्धांजलि

## पल पल दिल के पास... मैं जट यमला पगला दिवाना गीतों ने बाधां समां, धर्मेन्द्र के सुपर हिट नगमों को गाकर दी श्रद्धांजलि

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** पल पल दिल के पास तुम रहती हो,,, मैं जट यमला पगला दिवाना,,, आज मौसम बड़ा बेईमान है,,,,, क्या खूब लगती हो, बड़ी सुंदर दिखती हो,,,, जैसे सदाबहार नगमों से सुपर डुपर हिट कलाकार लिजेड्री स्व धर्मेंद्र को श्रद्धाजंली दी गई। इस दौरान पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और सभी ने खड़े होकर धर्मेंद्र को नमन किया। सांगीतिक संस्था सुर संगीत संगम मेलोडी मेकर्स ग्रुप के कलाकारों द्वारा सांगीतिक संध्या आयोजित कर बालीवुड सुपरस्टार स्व.धर्मेन्द्र को उनकी फिल्मों के गीतो को गाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### गायकों ने बांधा समां

भिलाई और अंचल के जाने-माने कलाकारों में अंथोनी फ्रांसिस, मधुरिमा रे, शिप्रा मंडल, शांताराम वानखेड़े, सुनील परदेशी, गिरीश चतुर्वेदी, दीपा बोकाडे, नमिता गांगुली सहित अन्य गायको ने भी हिस्सा लिया और सभी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं और पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया साथ ही अभिनेता स्व धर्मेन्द्र की यादों को ताजा कर दिया। सभी कलाकारों ने प्रोग्राम को धर्मेन्द्र के सुपर हिट नगमों की प्रस्तुति के लिए और धर्मेन्द्र की यादों को संजोए रखने के लिए बहुत मेहनत करके कार्यक्रम को तैयार किया और अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियो द्वारा सफल बनाया। मंच संचालन शिप्रा मंडल द्वारा अपनी मधुर आवाज और नए अंदाज में किया और सभी श्रोताओं को प्रभावित किया। शांताराम वानखेड़े ने हमेशा की तरह अपने विशिष्ट अंदाज में धर्मेन्द्र की फिल्मों से जुड़ी घटनाओं को श्रोताओं को बताकर प्रभावित किया।

### फेसबुक लाइव प्रसारण भी किया



मैं जट यमला पगला दीवाना... गाने में तो शांताराम ने जान डाल दी और सुनील परदेशी ने उनका साथ देकर और प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का फेसबुक लाइव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महेश कुमार विनोदिया द्वारा आर के म्यूज़िक स्टूडियों में किया गया था। इस अवसर पर जानकी प्रसाद, जगजीत सिंह भाटिया, प्रकाश चन्द्र बेहरा और बहुत से संगीत प्रेमी उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

# ब्राह्मण समाज की बेटियों पर टिप्पणी, विरोध में ज्ञापन



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग-भिलाई द्वारा एक ज्ञापन राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी और संभागीय महासचिव सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में देश के गृहमंत्री अमित शाह के नाम दुर्ग जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मध्य प्रदेश के आईएएस संतोष वर्मा को दंडित कर कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिनों ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आधारित एक आपत्तिजनक टिप्पणी करके पूरे देश भर की बेटियों को शर्मसार कर दिया और ब्राह्मण समाज इस गलत बयान बाजी पर आक्रोशित है। ऐसे लोगों को कड़ा से कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए। आईएएस अधिकारी द्वारा ऐसा घृणित व्यवहार और ओछी मानसिकता को तत्काल प्रभाव से दंडित करते हुए बर्खास्त करना चाहिए। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा दुर्ग थाने में भी एक ज्ञापन सौंपा गया है और एफआईआर करने की मांग की गई है। इस दौरान संभागीय महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि देश की बेटियों पर ऐसा बयान देना काफी शर्मनाक है। केंद्र सरकार इस मुद्दे को गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करे, अन्यथा समाज द्वारा उग्र आंदोलन इस विषय पर किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, के सदस्य उपस्थित थे। ज्ञापन सौंपने मुख्य रूप से अजय शर्मा, ऋषभ तिवारी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप पाण्डे, ब्रजमोहन तिवारी, जितेंद्र तिवारी, नंदू शर्मा, गणेश शुक्ला, दीपक मिश्रा, हेमंत तिवारी, राजेश पांडे, दिनेश मिश्र, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, रमेश शर्मा, आनंद महाराज,, मुकेश तिवारी, ज्ञानेश्वर मिश्रा, विभा मिश्रा, शैल किरण शुक्ला, लीना दुबे, ऋषि कांत तिवारी, अरविन्द शुक्ला, अनिल बाजपेई, डॉ गोविन्द दीक्षित, राजेश पांडे, ब्रह्म तिवारी, संतोष अवस्थी, कान्हा मिश्रा, विक्की मिश्र, राकेश दूबे, संजय दुबे, आशुतोष शर्मा, राजेंद्र दुबे, लक्ष्मी नारायण विश्वा, के डी त्रिपाठी, अखिलेश मिश्र, जितेंद्र पांडे, रितेश शर्मा, शत्रुजय तिवारी, अनिल शुक्ला, मोहित शर्मा, बाल गोविंद मिश्रा, रानी उपाध्याय, राजेंद्र दुबे, संतोष शर्मा, मनोज तिवारी,राहुल पंडित, लकी दुबे उपस्थित थे।

- राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

धर्म लाइव

# बीएससी, बीए, बीकॉम के 5वें सेमेस्टर में 580 परीक्षार्थी हुए शामिल



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग की स्वशासी योजना के अंतर्गत स्नातकस्तर की सेमेस्टर परीक्षाएं दो पालियों में आरंभ हो गयी। प्रथम दिन आयोजित परीक्षा में नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नही हुआ। यह जानकारी देते हुए स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया की दोनो पालियों में प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने प्रत्येक परीक्षा कक्ष का स्वयं भौतिक रूप से निरीक्षण किया। डॉ. सलूजा के अनुसार आयोजित प्रथम पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बी.एससी, बीए, बी.कॉम. की प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षायें आयोजित हुई इनमें कुल 580 परीक्षार्थी शामिल हुए।

द्वितीय पाली में दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित परीक्षा में बी.एससी. पंचम सेमेस्टर प्राणीशास्त्र, गणित एवं बीसीए की परीक्षायें आयोजित हुई इसमें कुल 641 परीक्षार्थी शामिल हुए। डॉ. सलूजा के अनुसार स्वशासी परीक्षायें 24 दिसम्बर तक प्रतिदिन दो पालियों में होगी। परीक्षाओं के संचालन के लिए दोनो पालियों हेतु पृथक-पृथक टीमों का गठन किया गया है। प्रातः कालीन पाली में केन्द्राध्यक्ष डॉ. एसएन झा बनाये गये है, सहायक केन्द्राध्यक्ष के रूप में डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. अनिल पांडेय, डॉ. प्राची सिंग एवं डॉ. प्रदीप जांगडे, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी शामिल है, दोपहर की पाली में केन्द्राध्यक्ष डॉ. दिव्या कुमुदनी मिंज तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. के. पद्मावती, डॉ. व्हीएस गीते शामिल है।

- प्रथम दिन दो पालियों में 1225 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ होंगे सम्मानित

**दुर्ग।** जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में प्रगति पर है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है और उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर 2026 तक 100 प्रतिशत गणना फार्म एवं संग्रहण व डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम 03 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2026 को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबंधित विधानसभा के 100 प्रतिशत कार्य करने वाले 03 बीएलओ का चयन अच्छी तरह से मूल्यांकन उपरांत चिन्हाकन कर अनुशंसा सहित सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया है।

● 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेशभर के विद्यार्थी हुए शामिल

# पिजन शो में छग संस्कृति जगमगाई, एडवेंचर कैंप में साहसिक प्रदर्शन का लिया आनंद

भिलाई। 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी अंतर्गत आयोजित पिजन शो में रायपुर संभाग भिलाई छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति का गरिमामयी रूप प्रस्तुत किया। बस्तर, सरगुजा और मध्य क्षेत्र की विविध परिधान शैलियों ने पूरे कार्यक्रम में विशिष्ट छटा बिखेरी। जिसमें दुर्ग की साक्षी साहू, ऋषभ, ज्योति, आरुषि शाह, अनुष्का शर्मा, गरिमा वर्मा, रिया ठाकुर, मानवी सोनी और अनुग्रह बंजारे सहित पूरी टीम की प्रस्तुति को विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने सराहा।रायपुर संभाग के नेतृत्वकर्ता दुर्ग केंद्रीय विद्यालय के डॉ. अजय आर्य ने कहा कि पिजन शो केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि युवाओं के लिए परंपरा, विविधता और सामाजिक समरसता समझने का अवसर है। जंबूरी एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी जीवंत पाठशाला है, जहाँ युवा अनुशासन, सहयोग और सेवा-भाव सीखते हैं।





### निःशुल्क एडवेंचर कैंप में दिखा उत्साह

जंबूरी परिसर में छात्रों के लिए सरकार और केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा एडवेंचर कैंप की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। स्काईवॉक स्काई साइकलिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, बैलेंस वॉल, रोप एक्टिविटी, कमांडो नेट जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों में उत्साह बढ़ाया। ऋषभ ने कहा स्काई साइकलिंग जीवन में अनोखा अनुभव रहा जिसमें थोड़ा डर, पर उससे बड़ा रोमांच रहा। ज्योति ने कहा एडवेंचर कैंप ने डर पर विजय का साहस दिया। साक्षी साहू ने बताया कि जंबूरी दोस्ती, संस्कृति, सीख, तीनों का सुंदर संगम है। आरुषि शाह ने कहा यह आयोजन अनुशासन और नेतृत्व की वास्तविक समझ देता है।



### 45 हजार से अधिक विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में संचालित है जहाँ देशभर से आए 45,000 से अधिक छात्र-छात्राएँ कश्मीर से कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक विविधता प्रस्तुत कर रहे हैं। देश की भाषाएं, पहनावे, व्यंजन, लोक परंपराएं, सभी मिलकर राष्ट्रीय एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं।

### अनुशासन और रचनात्मक प्रस्तुति की हुई सराहना

एडवेंचर कैंप संचालन के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रुप से एस.के. अग्रवाल प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय लखनऊ, विजय कुमार सहायक आयुक्त केवीएस क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ, सोना सेठ, रायपुर संभाग से छात्रों के चयन पर्यवेक्षण और प्रबंधन में उपायुक्त पी.बी.एस. उषा, सहायक आयुक्त रवींद्र कुमार, प्राचार्य अशोक चंद्राकर और उमाशंकर मिश्र का योगदान महत्वपूर्ण रहा। स्काउट्स एवं गाइड्स के वरिष्ठ अधिकारियों में गोरा भुवन बाबू राज्य संगठन आयुक्त, स्काउट, सियाराम यादव राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, एस.एस.एच. जैदी, मनोज कुमार मलिक, एस.ए. अलीम, शशी पी. राजावत, श्रवण लाल जाट ने छत्तीसगढ़ टीम की अनुशासन और रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना की। छात्रों ने बताया कि जंबूरी में हर दिन नई सीख, नया अनुभव मिलता है और राज्य पहचान प्रस्तुत करने में गर्व अनुभव होता है। यह आयोजन युवा नेतृत्व, टीम स्पिरिट, अनुशासन, पर्यावरण जागरूकता और जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

रामशीला की कुटिया में आयोजन

# बुजुर्गों के संग बिताया समय, खेले मनोरंजक गेम्स, संविधान दिवस पर बांटे जरूरत के सामान



**भिलाई।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर जय भारत महिला विंग, डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर वाचनालय उरला दुर्ग स्थित रामशीला की कुटिया वृद्धाश्रम में निवास करने वाले वृद्ध महिला-पुरुषों को दैनिक जरूरत की वस्तुएं भेंट कर संविधान दिवस मनाया। इस दौरान विंग की सदस्याओं ने बुजुर्गो के साथ समय बिताया और उनके साथ कई मनोरंजक गेम्स खेलकर उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

जय भारत महिला विंग प्रमुख सविता बौद्ध संकल्पी ने वृद्धाआश्रम के संचालक अजय देशमुख को निस्वार्थ सेवा भावना के लिए साधुवाद दिया और अपनी बात को रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में हमारे पूर्वजों को कभी अनाथ आश्रमों की जरूरत नहीं पड़ी थी क्योंकि माता - पिता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य माना जाता था। इसलिए उस समय वृद्धा आश्रमों की जरूरत भी नहीं थी और चलन भी नहीं था। लेकिन आज की परिस्थितियां अलग है।

वृद्धाआश्रम उन असहाय और निर्धन वृद्धों के लिए होना चाहिए जिनका कोई देखभाल करने वाला नहीं है,लेकिन दुखद है कि यहां सम्पन्न और धनाढ्य लोगों के घर परिवार त्यागता बुजुर्ग ज्यादा नजर आते है।

इस दौरान विंग की सदस्यों ने बुजुर्गों से बात की। बातचीत के दौरान बुजुर्गो ने बताया कि रामशीला की कुटिया में सभी लोग भारत के अलग - अलग राज्यों और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से यहां पहुंचे हुए है। जिनमें कुछ तो स्वयं आए और कुछ को यहां छोड़ा गया है। बुजुर्गो ने बताया कि वे यहां बहुत खुश है, क्योंकि इन्हें इस संस्था में घर जैसा वातावरण और पूरी देखभाल मिलती है। जय भारत महिला विंग की सदस्यों में शांति प्रजापति, विशाखा कुर्रे, ममता वासनिक, सुलोचना बौद्ध, सुनीता बौद्ध, सुनंदा खोबरागड़े, करुणा, महानंदा, मनोरमा, नम्रता बागड़े, सुखवंता ने आश्रम में कई गेम्स खेलकर मनोरंजन भी किया। महिलाओं ने कहा कि समाज बनाने की प्रेरणा हमें संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर से मिलती है।

श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

# धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ती है एकजुटता : इंद्रजीत





**भिलाई।** रामनगर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू शामिल हुए। उन्होंने भगवाताचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा के श्रीमुख से हो रही दिव्य कथामृत धारा का श्रवण किया और भक्तिमय वातावरण का अनुभव साझा किया। इंद्रजीत सिंह छोटू ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और संस्कारों को आगे बढ़ाते हैं। साथ ही भविष्य में भी सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में मलकित सिंह लल्लू, अनिल चौधरी, खिलावन सिंह चौहान, जोगा राव सहित आयोजन समिति में संरक्षक नंदकिशोर नंदू भैया, अध्यक्ष ममता साहू, मोतिम जंघेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल थे।

128वीं जयंती के अवसर पर युवाओं ने दिखाया उत्साह

# दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, निकाली शोभायात्रा, प्रतिभावान हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की 128वीं जयंती के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कुर्मी भवन सेक्टर 7 से सुबह 9 बजे सम्मान रैली निकाली गई। इस दौरान जनपद दाऊ ढालसिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। युवा संगठन द्वारा आयोजित सभा में काफी संख्या में समाज के युवाओं और महिलाओ सहित सभी वर्गो के लोग शामिल हुए। कुर्मी भवन सेक्टर 7 में आयोजित शाम के कार्यक्रम में दाऊ ढालसिंह जयंती और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदस्य छ ग़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और केंद्रीय राजभाषा सलाहकार बलदाऊ राम साहू, विशिष्ट अतिथि राम विशाल वर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य, ऐश्वर्या बाला देशमुख सरपंच बघेरा राजनांदगांव और मुख्य वक्ता विजय दिल्लीवार, केंद्रीय समाज अध्यक्ष योगेन्द्र बेलचंदन, संतोष पाटनवार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कुर्मी समाज भिलाई, छत्तीसगढ़ी महिला अध्यक्ष अनीता वर्मा, केंद्रीय युवा अध्यक्ष हेमन्त देशमुख, महिला अध्यक्ष रीना देशमुख और संरक्षक इंद्र कुमार देशमुख उपस्थित थे। इस दौरान सभी ने समाज में दाऊ जी के उल्लेखनीय योगदानों को आत्मसात करने की बातें कही।



### प्रतिभावानों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर छह भूतपूर्व सैनिक, देशसेवा के क्षेत्र में, साहित्य कला एवं संस्कृति, उन्नत कृषक,सफल व्यवसायी, उच्च शिक्षा नीट चयनित, विशेष सम्मान राज्यपाल पुरस्कृत एवं यूपीएससी चयनित के अलावा समाज के प्रतिभावानो को दाऊ ढालसिंह सम्मान से नवाजा गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक चंद्रिका प्रसाद देशमुख, केंद्रीय महामंत्री ललित देशमुख, केंद्रीय सलाहकार यशवंत दिल्लीवार, सलाहकार नगर इकाई डी पी देशमुख, प्रेमलाल पिपरिया, महेंद्र दिल्लीवार, प्रीतपाल बेलचंदन, डॉ राजेन्द्र हरमुख, युवा अध्यक्ष छ ग़ प्रदेश योगेश्वर देशमुख, महासचिव छ ग़ प्रदेश मोरध्वज चंद्राकर, युवा अध्यक्ष अजय चंद्राकर, आई एस मनु, सह सचिव कुलेश्वर दिल्लीवार, कोषाध्यक्ष नेमेंद्र देशमुख, युवा अध्यक्ष मिलेश्वर देशमुख, पुष्पकराज देशमुख, अर्जुन देशमुख, अशोक कुमार देशमुख, नवनीत हरदेल, चंद्रभूषण देशमुख, केशव दिल्लीवार, गिरीश अमृत, नारायण देशमुख , डेकेश्वर देशमुख, कृष्ण कुमार बेलचंदन, पुरुषोत्तम दिल्लीवार, भागवत देशमुख, रमेश देशमुख, कन्हैया देशमुख,केंद्रीय महिला सचिव पुष्पा पिपरिया, संगीता दिल्लीवार, प्रेमलता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, बबीता देशमुख, लता देशमुख, के साथ समाज के केंद्रीय पदाधिकारी सर्किल एवं ग्रामीण पदाधिकारी के साथ सैकड़ो की संख्या में सामाजिक लोग मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### म्यू थाई में नेशनल कोच बनीं टिकेश्वरी

**रायपुर।** एकलव्य खेल परिसर, जावंगा, गीदम में पदस्थ खेल एवँ युवा कल्याण दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) की कोच टिकेश्वरी साहू को म्यू थाई खेल में एक मात्र महिला नेशनल कोच के रूप में चयनित किया गया है।



टिकेश्वरी छत्तीसगढ़ की पहली महिला म्यूथाई अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी है जिसे अधिकारिक रूप से नेशनल कोच का दर्ज़ा प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता प्राप्त म्यूथाई खेल की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए से सम्बद्धता प्राप्त भारत की म्यूथाई खेल संस्था यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) की एग्जीक्यूटिव बोर्ड (कार्यकारिणी) और आमसभा प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में हुई थी, जहां यह उपलब्धि हासिल हुई। यूएमएआई अध्यक्ष मनोज वर्मा की अध्यक्षता में श्रीराम चौधरी (महासचिव-यूएमएआई) द्वारा आयोजित की गई बैठक में अनेक मुद्दो पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस बैठक में छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन के महासचिव अनीस मेमन ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। ज्ञात हो कि अनीस मेमन यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के संयुक्त सचिव भी है। उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि उक्त बैठक में 07 सदस्यीय नेशनल कोच का पैनल सर्वसम्मति से चुना गया जिसमे 06 पुरुष एवँ एक मात्र महिला सदस्य है जो विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में कोच के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अंडर -14 क्रिकेट में प्लेट कंबाइंड की शानदार पारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर -14 एलिट ग्रुप का तीन दिवसीय फाइनल मैच (28 से 30 नवंबर) शुरू हुआ। शुक्रवार को पहले दिन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर -1 में रायपुर एवं प्लेट कंबाइंड के मध्य मुकाबला शुरू हुआ। जिसमें प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक प्लेट कंबाइंड की टीम ने 9 विकेट पर 307 रन बनाएं। अमन कुमार 75 रन, अमिताभ सिंह ने 66 रन, मोहम्मद असद ने 48 रन और स्वास्तिक केसरी ने नॉट आउट 44 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर के हर्ष साहू ने तीन विकेट, अथर्व सिंह ने दो विकेट, समर्थ चांडक, शशांक तिवारी एवं अनमोल राज सिंह ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट रहा।

### छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट चयन कल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट टीम के चयन हेतु रविवार 30 नवम्बर को चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल भिलाई सिविक सेंटर स्थित दिव्यांग क्रिकेट मैदान में संपन्न होगा। खिलाड़ियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8:00 बजे निर्धारित किया गया है। यह चयन आगामी सेंट्रल ज़ोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के लिए किया जा रहा है, जिसका आयोजन उत्तर प्रदेश के वाराणसी (बीएचयू ग्राउंड) में 16 से 18 दिसम्बर के बीच होगा। इस टूर्नामेंट के लिए छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ 14 दिव्यांग खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन परीक्षण में छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के चयनकर्ता मौजूद रहेंगे। सभी खिलाड़ियों को सफेद क्रिकेट ड्रेस,पूरा क्रिकेट किट, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्रीमंत झा एवं उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने दी।

### कृति के नाबाद 60 रनो की बदौलत छत्तीसगढ़ की जीत

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित वुमेंस अंडर 23 टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच 27 नवंबर को चंडीगढ में हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।



हिमाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर केवल 113 रन ही बनाये। हिमाचल की ओर से देवांशी वर्मा ने 30 तथा हिमांशी मेहता ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से साक्षी शुक्ला ने 4 विकेट तथा महक नरवसे ने 2 विकेट प्राप्त किये। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 19.3 ओवरों में 6 विकेट खोकर 114 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान कृति गुप्ता ने नाबाद 60 रन तथा कुमुद साहु ने 33 रनों का योगदान दियां। हिमाचल की ओर से मनीषा तथा रिंकल पांडे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

कई बार चुपके से घर कर लेती है बीमारियां

# हाई ब्लड प्रेशर के इन लक्षणों से अधिकतर लोग रहते हैं अनजान, ऐसे संकेतों को बिल्कुल न करें इग्नोर

ब्लड प्रेशर बढ़े रहने को सेहत के लिए कई प्रकार से हानिकारक माना जाता है, इससे सबसे ज्यादा खतरा हृदय स्वास्थ्य को रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उनमें हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और ब्रेन स्ट्रोक होने का जोखिम अधिक होता है। इसे कंट्रोल में रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है, भले ही आपकी उम्र कम है और आपको पहले ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं रही है। डॉक्टर कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करते रहना और इसके लक्षणों पर ध्यान देते रहना सभी के लिए जरूरी है।

डॉक्टर कहते हैं, कई ऐसी स्थितियां हैं जो ब्लड प्रेशर बढ़ाने वाली हो सकती हैं। ज्यादा नमक खाना, तंबाकू या शराब का सेवन, अक्सर तनाव लेते रहना रक्तचाप को बढ़ाने वाली स्थितियां हैं। इसके अलावा कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारियों जैसे किडनी की समस्या, मधुमेह और स्लीप एपनिया के शिकार लोगों में भी इसका जोखिम देखा जाता रहा है। ब्लड प्रेशर के कई लक्षण ऐसे हैं जिससे आमतौर पर हम में से अधिकतर लोग अनजान होते हैं। आइए इस बारे में जानते हैं।

ब्लड प्रेशर बढ़ने पर क्या



होता है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ने का शरीर पर कई प्रकार से असर हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता होती है। कई मामलों में हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों में कोई लक्षण नहीं होते। वहीं जिन लोगों को अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है उनको कुछ तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के कारण सिरदर्द और सीने में दर्द, चक्कर आना, मतली और उल्टी, धुंधला दिखाई देना, सुन्नता या कमजोरी, नाक से खून आने की समस्या होना आम है। इसके अलावा भी कुछ संकेत हैं जिसपर सभी लोगों को ध्यान देते रहना चाहिए।

## सांस लेने में तकलीफ होना

सांस की तकलीफ का अनुभव करना, विशेष रूप से शारीरिक गतिविधि के दौरान बहुत आम है। हालांकि अगर आपको अक्सर ये दिक्कत होती रहती है, यहां तक कि आराम करते समय भी अगर आपका सांस फूलते रहता है तो ये उच्च रक्तचाप का संकेत हो सकता है। सर्दियों के दिनों में ठंडी हवा के कारण वायुमार्ग संकुचित



हो जाती है। इसके कारण उच्च रक्तचाप वाले व्यक्तियों के लिए सांस लेना अधिक हो सकता है। यदि आप असामान्य रूप से सांस फूलने की दिक्कत महसूस करते रहते हैं तो अपने ब्लड प्रेशर की जांच जरूर करा लें।

नाक से खून आना

नाक या मुंह पर चोट लगने के कारण नाक से खून आने की दिक्कत हो सकती है हालांकि अगर आपको बिना किसी कारण के नाक से खून आ रहा है तो ये उच्च रक्तचाप का संकेत हो सकता है। खासकर सर्दियों में



शुष्क और ठंडी हवा के कारण नाक की झिल्लियों के भंगुर होने का खतरा रहता जिससे आपको रक्तस्राव हो सकता है। जिन लोगों को अक्सर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बनी रहती है उनमें भी इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है।

## धुंधला दिखने की दिक्कत

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि जिन लोगों का रक्तचाप 180/120 या उससे अधिक हो जाता है, उन्हें दृष्टि में बदलाव जैसे कि धुंधलापन का अनुभव हो सकता है। ब्लड प्रेशर हाई होने से आंखों के भीतर छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने लगता है। लंबे समय से बने रहने वाली इस समस्या के कारण आपको धुंधला दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की अन्य दिक्कतें भी हो सकती हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने बताया कि उच्च रक्तचाप से जूझ रहे कुछ लोगों में दृष्टि संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

# एल्युमीनियम फॉइल के इस्तेमाल से सब्जियां और फल रहेंगे फ्रेश

क्या आप भी एल्युमीनियम फॉइल का यूज केवल खाना कवर करके गर्म रखने तक समझती हैं, तो आप शायद गलत हैं। आज हम आपके सिल्वर फॉइल को और किन तरीकों से इस्तेमाल किया जा सकता है। उसके कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिनको आप भी एक बार जरूर आजमा कर देखें।

## अपनाएं ये एल्युमीनियम फॉइल हैक्स

आज हम आपको इन सबके अलावा आप कैसे इस एल्युमीनियम फॉइल की मदद से अपनी सब्जियों और फलों को खराब होने से बचा सकती हैं। उसके हैक्स बताने जा रहे हैं। जिससे आप अपनी बहुत सी खराब हो जाने वाली चीजों को बचा पाएंगी।

## अदरक नहीं सूखेगी

अक्सर हम लोग फ्रिज में या बाहर ऐसे ही अदरक रख देते हैं, जो कि सूखने लगती है। यदि आप अदरक को एल्युमिनियम फॉइल में लपेटकर रखेंगी तो वो बिल्कुल नहीं सूखेगी।

## कटा हुआ सेब

कटा हुआ सेब चाहे जितना भी ढककर रख दो वो काला पड़ ही जाता है। लेकिन आप यदि कटे सेब को पेपर फ़ॉइल में लपेटकर फ्रिज में रखेंगी तो वो कभी काला नहीं होगा।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियों में आने वाली हरे पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, बथुआ और हरा धनिया एकदम हरा भरा रखना चाहती हैं, तो आप इसको सिल्वर फॉइल में फोल्ड करके फ्रिज में रखें। आप जब भी इसको



निकालेंगे ये बिल्कुल हरा-भरा मिलेगा।

## केला फ्रेश रखने के लिए

यदि आप केले का पूरा बंच ले आएं हैं और आपको उसके खराब होने का डर है तो आप उसके ऊपर वाले भाग पर एल्युमीनियम फॉइल लपेट दें। आपके केले चार पांच दिन तक खराब नहीं होंगे।

## टाइट ब्रेड होगी सॉफ्ट

यदि ब्रेड रखे रखे टाइट हो चुकी है तो आप उसपर बटर या घी लगाकर माइक्रोवेव करें। ब्रेड एकदम मुलायम हो जाएगी।

## बिना पानी में डाल करें बॉयल


आप कोई भी सब्जी या फल को बिना पानी में डाले उबाल सकती हैं। इसके लिए आपको एक पेन में पानी डालना है और उसमें सिल्वर फॉइल की छोटी छोटी कई बॉल्स बनाकर डाल दें। अब इसके ऊपर एक प्लेट में जो भी सब्जी फल उबालने हैं उनको रखकर ढक दें।

# घर में दो शिवलिंग रखे जा सकते हैं?



अगर आप भी घर के मंदिर में शिवलिंग रखती हैं और उसकी नियम से पूजा करती हैं तो आपके लिए ये जान लेना भी जरूरी है कि घर में कितने शिवलिंग रखने चाहिए। हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। शिवलिंग को शिव की ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है और मान्यता है कि इसे घर में स्थापित करने से शांति, सकारात्मकता और समृद्धि का आगमन होता है। घर में शिवलिंग रखने से आपके रहने की जगह में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक महत्व आ बना रहता है। भगवान शिव के कई भक्त अक्सर यह सोचते हैं कि क्या घर में दो शिवलिंग रखना उचित है या नहीं। इस सवाल का जवाब व्यक्तिगत मान्यताओं और धार्मिक ग्रंथों की व्याख्याओं के आधार पर भिन्न-भिन्न होता है। हिंदू धर्म में, शिवलिंग भगवान शिव के निराकार रूप का प्रतीक माना जाता है और उनकी दिव्य ऊर्जा का एक शक्तिशाली प्रतिनिधित्व करता है। घर में शिवलिंग रखने से आपके घर का आध्यात्मिक वातावरण बढ़ता है, लेकिन आपको घर में कितने शिवलिंग रखने चाहिए, जिससे घर का वातावरण अनुकूल हो सके, इसके बारे में जानकारी लेना जरूरी होता है। अगर आप भी घर के मंदिर में शिवलिंग रखती हैं तो इस बारे में ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें।

**घर में शिवलिंग रखने का महत्व और उसकी स्थापना के नियमः** शिवलिंग को सृष्टि के निर्माण, पालन और संहार का प्रतीक माना जाता है। यह शिव और शक्ति के अनंत स्वरूप का प्रतिनिधित्व करता है। घर में शिवलिंग स्थापित करने से व्यक्ति के जीवन में शांति, ऊर्जा और आध्यात्मिक विकास होता है।



# जीवन में चिंता और उदासी को दूर कर देगी आपकी ऐसी आदतें

ऐसा लगता है कि, लाइफ में चिंता और उदासी होना आम बात सी हो गई है। आज की तेज़-तर्रार दुनिया में, चिंता और उदासी की भावनाएँ अक्सर हम पर हावी हो जाती है। हालाँकि, कुछ आदतें अपनाने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। जिनके बारे में आपको जानना जरूरी है।

## नियमित व्यायाम

जीवन की चिंता और उदासी से निपटने के लिए व्यायाम सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। क्या आप जानते हैं? शारीरिक गतिविधि करने से बॉडी में एंडोर्फिन जारी होती है, जो प्राकृतिक मूड लिफ्टर हैं। शारीरिक गतिविधियों में चाहे तेज चलना हो, योग करना हो या जिम टाइम हो। नियमित व्यायाम करना आपके दिमाग और शरीर को संतुलन में रखने में मदद कर सकता है।

## माइंडफुलनेस और मेडिटेशन

माइंडफुलनेस और मेडिटेशन का नियमित अभ्यास करने से तनाव का स्तर काफी हद तक कम हो सकता है। इसका रेगुलर अभ्यास आपको वर्तमान में जीने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता हैं। आपके इस आदत से अतीत के पछतावे या भविष्य की चिंताओं पर सोचने की प्रवृत्ति कम होने लग जाती है। प्रत्येक दिन कुछ मिनटों का ध्यान करना भी बड़ा अंतर ला सकता है।

## हेल्दी भोजन

एक्सरसाइज और ध्यान करने के अलावा, पोषक तत्वों से



भरपूर संतुलित आहार भी आपके मूड पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से भरपूर आहार जहां एक तरफ मेन्टल हेल्थ को ठीक रखता है। वहीं, इससे चिंता और उदासी के लक्षणों को कम करने में भी मदद मिलती है। अत्यधिक चीनी और कैफीन से बचें, जिससे मूड में बदलाव हो सकता है।

## पर्याप्त नींद

मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहने के लिए नींद काफी महत्वपूर्ण है। कम सोने या नींद में कमी व्यक्ति के जीवन में चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि, आपके दिमाग और शरीर को अच्छी तरह से आराम मिले प्रति रात 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद का लक्ष्य रखें।

## सोशल कनेक्शन

एक मजबूत सोशल कनेक्शन भावनात्मक रूप से ठीक रहने के लिए जरुरी हैं। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएं, सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों और ज़रूरत पड़ने पर अपने कनेक्शन से समर्थन मांगें। मीनिंगफुल रिश्ते अपनेपन की भावना प्रदान करते हैं और अलगाव की भावना को कम करते हैं।

## स्क्रीन समय

अत्यधिक स्क्रीन समय, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर, चिंता और उदासी की भावनाओं को बढ़ा सकता है। अपने स्क्रीन उपयोग के लिए सीमाएँ निर्धारित करें और ऑफ़लाइन गतिविधियों में शामिल होने के लिए नियमित ब्रेक लें। अपने और अपने आस-पास के लोगों से साथ जुड़ने के लिए डिजिटल डिटॉक्स पर विचार करें।



कार्नर न्यूज

डेली रूटीन हैक्स की मदद से थकान को करें छूमंतर

# दिनभर के काम से थक कर हो गए हैं चूर तो राहत के लिए अपनाएं ये छोटे-छोटे उपाय

पूरा दिन काम करते हुए थकान होना लाजमी है। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में ही कुछ छोटे-छोटे हैक्स आजमाती हैं तो इससे थकान को दूर करने में आपको काफी मदद मिलेगी। क्या आप हर समय थका हुआ महसूस करते हैं या फिर शाम को घर लौटने के बाद बस थकान का ही अहसास होता है? अगर ऐसा है तो आप अकेले नहीं है। हम सभी ने कभी ना कभी इस स्थिति का सामना किया है। ऑफिस में काम करते-करते हम इतना थक जाते हैं कि फिर कुछ भी करने का मन नहीं करता। इस स्थिति में अधिकतर लोग अपनी थकान दूर करने के लिए कैफीन का सहारा लेते हैं। लेकिन जरूरत से ज्यादा कैफीन भी आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

कोशिश करें कि आप अपनी थकान से निपटने के लिए कुछ आसान उपाय अपनाएं और अपने डेली रूटीन में ही कुछ बदलाव करें। जी हां, आपको शायद अहसास ना हो, लेकिन डेली रूटीन में भी ऐसे कई आसान हैक्स को आजमाया जा सकता है, जिसकी मदद से थकान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ये सभी हैक्स काफी आसान भी हैं, जिसकी वजह से



आपको पूरा दिन एनर्जेटिक बने रहने में मदद मिलेगी। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ आसान हैक्स के बारे में-

## नींबू पानी से करें दिन की शुरुआत

अगर आप पूरे दिन एनर्जेटिक फील करना चाहती हैं तो ऐसे में आप अपने दिन की शुरुआत नींबू पानी के साथ करें। नींबू पानी ना केवल आपको हाइड्रेट करता है, बल्कि यह विटामिन सी प्रदान करता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन, 2015 में हाइड्रेशन और थकान पर इसके प्रभावों पर रिसर्च में भी यह बात सामने आई है। बस आप एक गिलास गर्म पानी में आधा नींबू निचोड़ें और सुबह उठते ही सबसे पहले खाली पेट इसे पीएं।

## हर घंटे जरूर लें माइक्रो-ब्रेक

कुछ लोग लगातार बस काम करते ही चले जाते हैं, जिससे उन्हें बहुत अधिक थकान का अहसास होता है। लगातार स्क्रीन को देखना या फिर नॉन-स्टॉप काम करने से आपकी एनर्जी जल्द खत्म हो जाती है। छोटे ब्रेक्स ना केवल आपको अधिक एनर्जेटिक फील करवाते हैं, बल्कि आपका फोकस भी बढ़ाते हैं। इसलिए, टाइमर सेट करें और हर घंटे 5 मिनट का ब्रेक लें। टहलें, थोड़ा स्ट्रेच करें या बस अपनी आंखें बंद करके गहरी सांस लें।

## जरूर लें पावर नैप

अक्सर लोग नैप लेने को समय की बर्बादी समझते हैं, जबकि 15-20 मिनट की झपकी आपको बिना फिर से तरोताजा कर देती है और आपकी सारी थकान दूर कर देती है। नासा ने भी अलर्टनेस और परफार्मेंस को बेहतर बनाने वाली झपकी पर अध्ययन किया, जिसका जिक्र नासा टेक्निकल मेमोरेंडम, 1995 में है। इसलिए, अब अगर आप थका हुआ महसूस कर रहे हैं, तो एक शांत जगह ढूंढें, अपनी आंखें बंद करें और झपकी लें।

## डीप ब्रीदिंग की करें प्रैक्टिस

डीप ब्रीदिंग करने से आपके दिमाग में ज़्यादा ऑक्सीजन पहुंचती है। साथ ही साथ, ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर




होता है, जिससे आपको तुरंत अलर्टनेस का अहसास होता है और तनाव से जुड़ी थकान कम होती है। इतना ही नहीं, यह पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करता है, जिससे आराम मिलता है। डीप ब्रीदिंग करने के लिए 4 तक गिनते हुए सांस अंदर लें और फिर चार तक गिनते हुए सांस को रोकें, फिर 6 तक गिनते हुए सांस छोड़ें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## डेविड हार्बर ने मिली बॉबी ब्राउन के साथ की बदसलूकी, अभिनेत्री ने आरोपों पर अब तोड़ी चुप्पी



'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। लॉस एंजेलिस में 6 नवंबर को हुए 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5' के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान मिली और हार्बर एक-दूसरे के साथ बेहद सहज नजर आए। इसने फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि कुछ दिन पहले ही एक टैब्लॉइड रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मिली ने शो के फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू होने से पहले हार्बर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इन आरोपों पर नेटफ्लिक्स ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन खबरों में दावा किया गया कि जांच कई महीनों तक चली और मिली को कथित तौर पर सेट पर एक प्रतिनिधि के साथ आना पड़ा। इसके बाद जब 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' ने मिली से पूछा कि ऐसी अफवाहों के बीच उन्होंने हार्बर के साथ एकजुट होकर क्यों खड़ा होना जरूरी समझा, तो अभिनेत्री ने बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।'

### टॉलीवुड

## ऑस्कर की बेस्ट एनिमेटेड फिल्म कैटेगरी में 'महावतार नरसिम्हा' की एंट्री



भगवान विष्णु के नरसिम्हा अवतार पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ऑस्कर की रेस में शामिल हो गई है। भारत में बनी फिल्म के लिए यह बड़ी उप्लब्धि है।

फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। वर्ल्डवाइड इसने लगभग 326 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अब यह फिल्म ऑस्कर को लेकर चर्चा में है। फिल्म 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म की ऑस्कर रेस में शामिल हो गई है। अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने 2026 के ऑस्कर में बेस्ट एनिमेटेड फीचर के लिए चुनी गई 35 एनिमेटेड फीचर फिल्मों की एक लिस्ट जारी की है। इन फिल्मों पर अभी विचार किया जाना है।

'महावतार नरसिम्हा' का मुकाबला 'के-पॉप डेमन हंटर', 'जूटोपिया 2' और 'डेमन स्लेयर किमेत्सु नो याइबा इनफिनिटी कैसल' जैसी हिट फिल्मों से होगा। एक आधिकारिक बयान में, एएमपीएएस ने लिखा, '98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए एनिमेटेड फीचर फिल्म कैटेगरी में 35 फीचर फिल्में विचार के लिए मौजूद हैं। कुछ फिल्में अभी क्वालिफाई नहीं हुई हैं। इन्हें प्रोसेस पूरा करना होगा।' बता दें कि 'महावतार नरसिम्हा' अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी है। इसे शिल्पा धवन ने प्रोड्यूस किया है और यह होम्बले फिल्म्स के बैनर तले बनी है। यह 25 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म भगवान विष्णु के नरसिम्हा अवतार की कहानी कहती है। बताया जाता है कि इसके सात पार्ट रिलीज होंगे। यह इसका पहला पार्ट है। यह फिल्म अभी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### भोजपुरी

## ई वाला मजा नहीं पईवा बिहार में खेसारी के गाने ने उड़ा दिया गर्दा



खेसारी लाल यादव की सितंबर में रिलीज फिल्म 'गॉडफादर' से उनका सबसे तड़कता भड़कता गाना 'डिस्को में किसको नचाओगी' अब यूट्यूब पर रिलीज हो गया है। खास बात यह है कि गाने को म्यूजिक वीडियो को 24 घंटे में ही 5 लाख 60 हजार से अधिक व्यूज मिल गए हैं। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव बीते दिनों बिहार चुनाव को लेकर चर्चा में थे। हालांकि, वह छपरा से चुनाव हार गए, लेकिन पहली बार चुनावी मैदान में उतरकर भी उन्होंने जोरदार टक्कर दी। भोजवुड के इस हरफनमौला सिंगर-एक्टर के फैंस को निश्चय ही चुनावी हार से निराशा हुई होगी, लेकिन इसे भुलाने के लिए खेसारी का नया गाना 'डिस्को में किसको नचाओगी' काफी है। 'टाइम्स म्यूजिक भोजपुरी' यूट्यूब चैनल पर रिलीज इस गाने को महज 24 घंटे में 5.60 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। 53 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। जबकि 4500 से अधिक कॉमेंट्स की बारिश हुई है। खेसारी लाल यादव की पिछली रिलीज 'गॉडफादर' का गाना है। सिनेमाघरों में इस गाने की धुन पर सितंबर महीने में उनके चाहने वालों ने खूब नाच-गाना किया था। अब इसका फुल म्यूजिक वीडियो रिलीज हो गया है। गाने को खेसारी लाल यादव के साथ प्रियंका सिंह ने गाया है। भोजपुरी गाने की शुरुआत इसके नाम की तरह ही डिस्को थेक से होती है। जहां खेसारी भी पहुंचे हैं। पहली ही धुन ऐसी है, जो झूमने पर मजबूर कर दे।







लाइफ स्टाइल

## ब्रूश का जादू

पिछले कुछ सालों में ब्रूश धीरे-धीरे हमारे फैशन की दुनिया में वापस आ गए हैं और डिज़ाइनर पहले से कहीं ज़्यादा उन्हें पसंद कर रहे हैं। कैरोलिना हेरेरा ने सिंपल निट ड्रेस पर बड़े साइज़ के सुनहरे फूल चुने हैं। टोरी बर्च ने उन्हें वेलवेट ड्रेस और स्वेटर पर ज़्यादा पारंपरिक तरीके से स्टाइल किया है। वहीं बेव्ज़ा ने हिप पर मज़ेदार तरीके से लगाने का विकल्प चुना है।

## बालों में ज्यादा शैंपू लगाने से क्या होता है ? सिर धोने से पहले आप भी जान लें

वैसे तो बालों को सही से साफ करने के लिए शैंपू का इस्तेमाल सबसे सही रहता है, लेकिन इसके ज्यादा इस्तेमाल से आपके बालों पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ सकता है।

### कम होगी बालों की नमी

यदि आप नियमित रूप से बालों में जैसे सल्फेट्स और पैराबेन्स वाले शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो ये बालों और स्कैल्प की प्राकृतिक नमी को हटा सकते हैं, जिससे बाल रूखे और बेजान हो सकते हैं। ऐसे में यदि शैंपू इस्तेमाल कर रहे हैं तो वो सल्फेट्स और पैराबेन्स रहित होने चाहिए।

### स्कैल्प पर होगी खुजली


ज्यादा शैंपू करने से स्कैल्प की त्वचा काफी ड्राई हो जाती है, जिससे खुजली और डैंड्रफ की समस्या हो सकती है। कई बार तो ये खुजली इतनी ज्यादा बढ़ जाती है, कि इसकी वजह से खुजली में खून तक आने लगता है। ऐसे में ऐसे शैंपू के इस्तेमाल से बचें, जिससे स्कैल्प ड्राई हो।

### बाल होंगे कमजोर

बार-बार और ज्यादा शैंपू लगाने से बालों की बाहरी परत डैमेज हो सकती है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। ऐसमें हफ्ते में ज्यादा से ज्यादा तीन बार ही अपने बाल शैंपू से धोएं। वरना आपको काफी परेशानी हो सकती है।

### खो सकता है स्कैल्प के प्राकृतिक तेल का संतुलन

हर किसी के बालों में प्राकृतिक तेल की परत होती है, जो उन्हें सुरक्षा और पोषण देती है। ज्यादा शैंपू इस परत को खत्म कर देता है, जिससे स्कैल्प या तो



बहुत ड्राई या जरूरत से ज्यादा ऑयली हो सकता है। इससे भी बाल काफी कमजोर हो जाते हैं।

### बालों का रंग उड़ना


अगर आप अपने बालों में कलर करा के रखते हैं तो बार-बार शैंपू करने से बालों का रंग उड़ सकता है। इसके साथ-साथ बालों की रंगत भी ज्यादा शैंपू से कम हो जाती है।

## इन टिप्स को अपनाकर स्टाइल करें फ्लोरल ब्लेजर, दिखेंगी खूबसूरत



फ्लोरल ब्लेजर में आपका लुक यकीनन बेहद ही रिफ्रेशिंग लगता है। हालांकि, इसे सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी है। फ्लोरल ब्लेजर को स्टाइल करते हुए आप कुछ टिप्स को अपना सकती हैं। फ्लोरल ब्लेज़र एक ऐसा आउटफिट है, जो किसी भी लुक में काफी अच्छा लगता है। फिर भले ही आपने किसी पार्टी में जाने का मन बनाया हो या फिर ऑफिस के लिए रेडी हो रही हों, आप फ्लोरल ब्लेज़र को आसानी से स्टाइल कर सकती हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि फ्लोरल ब्लेज़र एक वर्सेटाइल पीस है, जो आपके लुक को बेहद रिफ्रेशिंग बनाता है। हालांकि, एक परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए इसे सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी है। आप इसकी मदद से केजुअल और पॉलिश्ड लुक दोनों क्रिएट कर सकती हैं।





फ्लोरल ब्लेज़र को आप मोनोक्रोम लुक में पहनती हैं या फिर इसे जीन्स के साथ पेयर करती हैं या फिर इसके साथ आप किस तरह की एक्सेसरीज कैरी करती हैं, इससे आपका ओवर ऑल लुक बदल जाता है। जब भी आप फ्लोरल ब्लेज़र पहनें तो यह जरूर देखें कि आप इसे किस ओकेजन पर पहनना चाहती हैं।

तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि फ्लोरल ब्लेज़र पहनते समय आपको किन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए-

### बाकी आउटफिट को रखे सिंपल

यूं तो फ्लोरल ब्लेज़र एक रिफ्रेशिंग लुक देते हैं, लेकिन व आपके लुक को इंस्टेंट चेंज करते हैं और आपको एक बोल्ड टच दे सकते हैं। इसलिए, आपको अपने बाकी आउटफिट को बैलेंस तरीके से पहनना चाहिए। उदाहरण के लिए आप फ्लोरल ब्लेज़र को न्यूट्रल या मिनिमल पीस के साथ पेयर करें।

## त्वचा के लिए वरदान है रसोई मिल जाएंगे आपको कई उपाय

अगर आप घर बैठे ही ग्लोइंग त्वचा पाना चाहती हैं तो रसोई में रखी चीनी से स्क्रब तैयार करें। सुनकर हैरानी हुई न, लेकिन ये सच है। चीनी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो आपकी त्वचा का ग्लो बरकरार रखने में मदद करते हैं। ऐसे में आप इससे स्क्रब बनाकर अपनी त्वचा को और निखार सकती हैं।

### चीनी और नारियल तेल स्क्रब

इस स्क्रब को तैयार करने के लिए आपको चीनी के साथ-साथ नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले पिसी हुई चीनी में नारियल का तेल मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर लगाकर सर्कुलर मोशन में हल्के हाथ से मसाज करें। थोड़ी देर के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

### चीनी और शहद

अगर आपके पास शहद भी उपलब्ध है तो चीनी में शहद मिक्स करके उसका पेस्ट बनाएं। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस डालें।



इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और फिर अपनी चमकती त्वचा देखें।

### चीनी और कॉफी

कॉफी और चीनी दोनों में ही ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जिनके त्वचा डिटॉक्सिफाई होती है। इसके लिए चीनी, कॉफी और जैतून के तेल को अच्छी तरह से मिक्स करके इसका पेस्ट बनाएं। अब इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथ से मसाज करें। इससे आपकी त्वचा भी खिल उठेगी। इस स्क्रब को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लेकर उसमें जैतून का तेल लें।

## चेहरे के मुंहासों से हैं परेशान तो ये नुस्खे आएंगे आपके काम

मुंहासे एक आम समस्या है जो चेहरे की खूबसूरती को प्रभावित कर सकती है। लेकिन कुछ घरेलू और प्राकृतिक नुस्खे अपनाकर आप इसे नियंत्रित कर सकते हैं।

**नीम:** यदि आपके घर के आस-पास नीम का पेड़ हैं तो नीम की पत्तियों को पीसकर इसका पेस्ट बनाएं और इसे मुंहासों पर लगाएं। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं। इससे चेहरे की कई अन्य परेशानियां भी दूर होती हैं।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा का पौधा लगभग हर घर में रहता ही है। ऐसे मे हर रोज ताजे एलोवेरा जेल को सीधे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है, सूजन कम करता है, और त्वचा को मॉइस्चराइज करता है। त्वचा को जब ठंडक मिलती है तो मुंहासों में कमी आ जाती है।

**शहद और दालचीनी का पैक:** इस पैक के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसके इस्तेमाल के लिए एक चम्मच शहद में 1/2 चम्मच दालचीनी पाउडर मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाकर 10-15 मिनट तक रखें



और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इससे मुंहासों के बैक्टीरिया मारने में मदद मिलती है।

**टमाटर का रस:** टमाटर तो आजकल काफी सस्ते भी हैं। ऐसे में आप टमाटर का रस चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। ये त्वचा के तेल को नियंत्रित करता है और मुंहासों को कम करता है।

**बेसन और हल्दी का उबटन:** ये उबटन भी मुंहासों को कम करने में काम आता है। इसके इस्तेमाल के लिए 2 चम्मच बेसन, 1/4 चम्मच हल्दी, और थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाकर सूखने दें और फिर धो लें। यह त्वचा से अतिरिक्त तेल और गंदगी हटाने में मदद करता है।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में चेहरा संवारना सबसे पहली जरूरत, अपनाएं जरूरी टिप्स


## सुबह-सुबह चेहरे पर दिखेगी अलग ही रौनक बस सोने से पहले करनी होगी जरा सी मेहनत

चेहरे को साफ रखना बहुत ज़रूरी है। रोज़ाना चेहरे को अच्छी तरह धोने से धूल-मिट्टी फेस पर जमा नहीं होते हैं। चेहर पर एक अच्छा मॉइस्चराइज़र और सनस्क्रीन इस्तेमाल करना फायदेमंद होता है। आजकल के भागदौर भरी जिंदगी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप अपने चेहरे का ख्याल किस प्रकार रख सकते हैं।

रात के समय अपने चेहरे की देखभाल करना बहुत ज़रूरी है। क्योंकि यह वह समय होता है जब आप दिन भर की भागदौड़ के बाद कुछ वक्त अपने लिए निकालते हैं। प्रदूषण, तनाव और अस्वस्थ जीवनशैली के कारण आजकल युवा चेहरे भी फीके दिखने लगे हैं।

चेहरे पर झुर्रियां, मुंहासे और पिगमेंटेशन आम समस्याएं

चेहरे पर झुर्रियां, मुंहासे और पिगमेंटेशन आम समस्याएं हैं जो न केवल किसी की शक्ल-सूरत को प्रभावित करती हैं बल्कि आत्मविश्वास को भी गिराती हैं। सोने से पहले स्किनकेयर रूटीन को लागू करने से इन त्वचा संबंधी समस्याओं से निपटा जा सकता है,



आइए जानते हैं कि आप अपने चेहरे की हिफाजत किस तरह कर सकते हैं।

### गुलाब जल चेहरे के लिए फायदेमंद

रात के समय चेहरे को अच्छी तरह धोना बहुत जरूरी है। क्योंकि चेहरे पर मौजूद गंदगी मुंहासे और फुंसियों की समस्या को बढ़ा सकता है। कोमल और प्रभावी सफाई के लिए गुलाब जल का उपयोग करना उचित है। गुलाब जल चेहरे के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित हो सकता है।

### चेहरा धोना बहुत ज़रूरी

किसी भी गंदगी और प्रदूषक को हटाने के लिए क्लींजर से अपना चेहरा धोना बहुत ज़रूरी है। इसके लिए आप अपनी त्वचा के प्रकार से मेल खाने वाले क्लींजर का चयन कर सकते हैं। गुनगुने पानी से धोने से पहले अपने चेहरे पर धीरे से मालिश करें, इससे आपकी त्वचा तरोताज़ा और साफ़ महसूस करेगी।

चेहरे को साफ सूती कपड़े से सुखाएं

चेहरे को साफ करने के बाद अपने चेहरे को साफ सूती कपड़े से सुखाएं। ध्यान रखें कि रगड़ने के बजाय धीरे से थपथपाएं। इसके बाद, अपनी त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने के लिए स्प्रे बोतल या कॉटन बॉल का उपयोग किया जा सकता है। सीरम किसी भी स्किनकेयर रूटीन का अभिन्न अंग है, खासकर रात में, क्योंकि वे झुर्रियों, काले धब्बों और मुंहासों जैसी समस्याओं से लड़ता है।

